इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -250 | राजनांदगांव, शनिवार 27 जुलाई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# सीमापार आतंकवाद को कुचल दिया जायेगा, मोदी ने दी पाकिस्तान को चेतावनी

करगिल। केंद्रशसित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में हाल में बढ़े आतंकवादी हमलों के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद को पूरी ताकत से कुचल दिया जायेगा और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

श्री मोदी ने करगिल से पाकिस्तान को आज यह कड़ा संदेश दिया, जहां भारत ने 1999 में एक छोटे युद्ध में नियंत्रण रेखा के पार द्रास-करगिल सेक्टर की पर्वत चोटियों से हजारों पाकिस्तानी सैनिकों को मारकर और खदेड़कर पाकिस्तान को अपमानजनक हार का स्वाद चखाया था। आज ही के दिन युद्ध विराम की घोषणा की गयी थी और इसे भारत में 'करगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर द्रास में युद्ध स्मारक पर युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद सशस्त्र बलों के सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों की सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है तथा वह आतंकवाद एवं छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने



की कोशिश कर रहा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, पाकिस्तान हमेशा अतीत में विफल रहा हैं, लेकिन उसने अपने अतीत से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

वर्ष 1999 के करगिल युद्ध के बारे में श्री मोदी ने कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा, 'कारगिल में हमने न केवल युद्ध जीता बल्कि हमने सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना अविश्वसनीय चेहरा दिखाया। लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।

श्री मोदी ने अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस और उसके विपक्षी सहयोगियों पर भी कटाक्ष किया और उन पर इसका राजनीतिरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर दिया कि सेना में अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना और युद्ध के लिए उन्हें फिट रखना है। कांग्रेस पर परोक्ष हमला करते हुए कहा, कुछ लोग सोचते थे कि सेना का मतलब राजनेताओं को सलामी देना और परेड करना है, लेकिन हमारे लिए सेना का मतलब 140 करोड़ देशवासियों की आस्था है। अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना है, सेना को लगातार युद्ध के लिए फिट रखना है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ओलिंपिक से पहले फ्रांस के रेलवे नेटवर्क पर हमला, तोड़फोड़ और आगजनी

पेरिस। पेरिस में शुक्रवार को फ्रांस में ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह से करीब 10 घंटे पहले ट्रेन नेटवर्क पर हमला हुआ। पेरिस समयानुसार सुबह 5:15 बजे कई रेलवे लाइनों पर तोड़फोड़ और आगजनी की खबरें आईं। हमले के आधे घंटे के भीतर, पेरिस जाने और वहां से आने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया।



8 लाख यात्री स्टेशनों पर फंसे

कई ट्रेनें 90 मिनट तक लेट हो रही हैं। हमले के कारण लगभग 8 लाख यात्री स्टेशनों पर फंसे हुए हैं। फ्रांस की सरकारी रेलवे कंपनी एसएनसीएफ ने सभी यात्रियों के लिए चेतावनी जारी की है और उन्हें स्टेशन न जाने की सलाह दी है।

### कौन और क्यों कर रहा है हमला

इस बात की जानकारी अभी तक नहीं मिली है कि रेलवे लाइनों पर हमला किसने और क्यों किया। पेरिस ओलंपिक्स के लिए भारत से 117 खिलाड़ी फ्रांस गए हैं।

फ्रांस की राष्ट्रीय रेलवे कंपनी ने कहा कि देश में कुल 4 प्रमुख हाई-स्पीड ट्रेन लाइनें हैं, जो पूरे देश को पेरिस से जोड़ती हैं। इनमें से 3 पर हमला हुआ है, जबकि एक रेलवे लाइन पर हमला नाकाम किया गया।

### कई ट्रेन लाइनों पर आगजनी की घटनाएं

एसएनसीएफ के प्रमुख ने कहा कि रात में हमारे रेल नेटवर्क (हाई स्पीड ट्रेन लाईन्स) और यातायात को रोकने का प्रयास किया गया। पेरिस के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में चलने वाली टीजीवी लाइनों पर आगजनी की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ के अग्निवीरों के लिए खुशखबरी: पुलिस आरक्षक, जेल प्रहरी, वनरक्षक जैसे कई पदों पर मिलेगा आरक्षण



रायपुर। छत्तीसगढ़ के अग्निवीरों के लिए बड़ी खबर निकल कर सामने आ रही है। राज्य सरकार अब अग्निवीरों को विशेष आरक्षण देगी। अग्निवीरों को पुलिस आरक्षक, जेल प्रहरी, जैसे विभिन्न पदों पर प्रथिमकता के आधार पर समावेशित किया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अग्निवीरों को पुलिस आरक्षक, जेल प्रहरी, आदि पदों पर समावेशित करने की सुविधा देगी। विशेष आरक्षण के लिए शीघ्र निर्देश दिए जाएंगे।

इस संबंध में सीएम विष्णुदेव साय ने विधानसभा में मीडिया से चर्चा में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के अग्निवीर जब भारतीय सेना में अपनी सेवा के पश्चात वापस आएंगे तो छत्तीसगढ़ सरकार इन नौजवानों को पुलिस सेवा में आरक्षक, वन सेवा में वन रक्षक और जेल प्रहरी इत्यादि पदों में प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा देगी। अग्निवीरों को इसके लिए एक निश्चित आरक्षण की सुविधा हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश हमारी सरकार शीघ्र ही जारी करने जा रही है।

# अग्निवीरों के लिए यूपी-मध्यप्रदेश समेत 3 सरकारों का बड़ा ऐलान- पुलिस और आर्म्ड फोर्स में मिलेगा विशेष आरक्षण

नई दिल्ली। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारों ने अग्निवीर योजना को लेकर बड़ा फैसला लिया। शुक्रवार को दोनों राज्यों के मुख्यंत्रियों ने ऐलान किया कि पुलिस और सशस्त्र बलों में अग्निवीरों को विशेष आरक्षण दिया जाएगा। कितना रिजर्वेशन मिलेगा, अभी ये साफ नहीं है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय भी अग्निवीरों के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स में 10 फीसदी पद आरक्षित करने का ऐलान कर चुका है। इससे अग्निवीरों को सीएपीएफ और असम राइफल्स भर्ती में आयु सीमा और फिजिकल टेस्ट में छूट मिलेगी।

### कुछ पार्टियों के लिए राजनीति देश से बड़ी है - योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- प्रगति और समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर किए गए सुधार किसी भी देश और समाज के लिए जरूरी हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में कई कदम उठाए गए। अर्थव्यवस्था को सम्मानजनक स्थिति देने और भारत को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के साथ देश में हर सेक्टर में सुधार किए गए। हमें राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी है। इस सुधार के साथ सशस्त्र बल भी आगे बढ़े हैं। आज भारतीय सशस्त्र बल अल्ट्रा से लैस हैं- आधुनिक लड़ाकू विमान।

यूपी और तमिलनाडु में डिफेंस मैन्यूफ्रैक्चरिंग कॉरिडोर तैयार हो चुके हैं। हमारी सशस्त्र सेनाएं इस सुधार के साथ आगे बढ़ सकें, इसके लिए 10 लाख अग्निवीरों के मन में उत्साह है अग्निपथ योजना के तहत अपनी सेवाएं देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल जिनके लिए राजनीति देश से बड़ी है, वे देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। सुधार से जुड़ी, प्रगति से, समृद्धि से जुड़ी हर चीज में बाधा डालना उनका काम है। वे ऐसा लगातार करते हैं। विपक्ष ने इस मामले पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### सेना को युवा और सशक्त बनाने वाली योजना - सीएम यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पोस्ट में लिखा- आज कारगिल दिवस के अवसर पर हमारी सरकार ने फैसला किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार अग्निवीर जवानों को पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में आरक्षण दिया जाएगा। यह सेना को युवा और सशक्त बनाने के लिए अहम योजना है।

## अग्निपथ योजना के लिए सेना से नहीं ली गई सलाह : खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अग्निपथ योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश को गुमराह करने का शुक्रवार को आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने योजना को लागू करने से पहले सेना से सलाह नहीं ली है।



श्री खड़गे ने आज यहां कहा कि योजना को मनमाने तरीके से लागू किया गया है और इसको लेकर पहले किसी से मशविरा नहीं किया गया है। उन्होंने योजना को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया और कहा कि इससे उनका भविष्य चौपट हो रहा है इसलिए इसको लेकर देश के युवाओं में गुस्सा है। योजना का चारों तरफ इसका विरोध हो रहा है इसलिए सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा मोदी जी कह रहे हैं कि सेना के कहने पर उनकी सरकार ने अग्निपथ योजना लागू की थी, ये सरासर झूठ है और पराक्रमी सेना का अक्षम्य अपमान है। मोदी जी, साफ़-साफ़ झूठ और भ्रम फ़ैला रहें हैं। देश के युवाओं में अग्निवीर को लेकर बहुत ज़्यादा गुस्सा है, कड़ा विरोध है। कांग्रेस पार्टी की माँग क़ायम रहेगी, अग्निपथ योजना बंद होनी चाहिए।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा ने दी बधाई : मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर दी गई बधाई, विपक्ष ने किया वॉकआउट

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मॉनसून सत्र में शुक्रवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को बधाई दी गई। इसके लिए वन मंत्री केदार कश्यप ने बधाई प्रस्ताव पेश किया।



बधाई प्रस्ताव पेश करते हुए केदार कश्यप ने कहा कि, पीएम मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। उनके नेतृत्व में हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अपना स्थान बनाएगा। हालांकि इस प्रस्ताव के पेश होते ही विपक्ष ने बहिर्गमन कर दिया। विपक्ष के वाक आउट पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा- विपक्ष का वॉक आउट करना दुर्भाग्यजनक है।

### मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का उत्तरोत्तर विकास होगा - साव

वहीं बधाई प्रस्ताव पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा- पीएम मोदी के तीसरी बार पीएम बनने से पूरा छत्तीसगढ़ खुश है। उनका तीसरी बार पीएम बनना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी का छत्तीसगढ़ से बहुत लगाव है, उनके नेतृत्व में प्रदेश का उत्तरोत्तर विकास होगा। 2014 के बाद देश के गरीब को लगता है कि, उनकी चिंता करने वाला कोई है। अरुण साव ने कहा कि, 2014 के पहले तक पॉलिसी पैरालिसिस के हालत थे। पीएम मोदी से विपक्ष इतना डरता है, इसका उदाहरण ही है आज पूरा विपक्ष का सदन से गायब होना। विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की प्रभावी भूमिका होगी।

### चौधरी, लता उसेंडी भी बोले

वहीं वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, राजनीतिक स्वार्थ से विपरीत जाकर निर्णय लेते हैं पीएम मोदी। लता उसेंडी ने कहा कि, क्क्रूमोदी के नेतृत्व में बन रही योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही हैं। शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हवाई कंपनियों के किराया वसूलने की मनमानी रोकने की लोकसभा में की गई मांग

नयी दिल्ली। विदेशों में रहने वाले भारतीयों से हवाई कंपनियों की ओर से अत्यधिक किराया वसूले जाने का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठा और सदस्यों ने इसे लूट बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की और कहा कि इस मामले में सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए।

अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इसे गंभीर मुद्दा बताया और कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्री को इस मामले में सभी हवाई सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को बुलाकर उनकी इस मनमानी पर रोक लगानी चाहिए। उनका कहना था कि कंपनियों को मंत्री बुलाएं और किराया किस वजह से ज्यादा वसूला जा रहा है इस बारे में उनसे पूछा जाना चाहिए तथा लोगों की इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए। कांग्रेस के शफी परम्बिल ने हवाई सेवाओं की मनमानी से जुड़े 'गैर सरकारी सदस्यों के लिए संकल्प' पर चर्चा के दौरान हवाई सेवा देने वाली कंपनियों का इसे गैरजिम्मेदाराना व्यवहार बताया और कहा कि यात्रियों से यह मनमानी वसूली की जा रही है। उन्होंने एक उदाहरण तिरुवनंतपुर से दुबई का दिया और कहा कि पहले दिन हवाई जहाज का किराया 90 हजार से ज्यादा लिया जाता है और अगले दिन उसी फ्लाइट से उसी समय उसी गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 77 हजार रुपए वसूले जाते हैं। उनका कहना था कि देश की हवाई कंपनियां लोगों को लूट रही है और विदेश में रहने वाले देश के नागरिकों के साथ अन्याय कर रही है।

## बिलासपुर और जगदलपुर स्वदेश दर्शन 2.0 में शामिल, सीएम साय ने जताया आभार

रायपुर (दावा)। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ की नैसर्गिक खूबसूरती और गौरवशाली आदिम संस्कृति को देखते हुए बिलासपुर और जगदलपुर को स्वदेश दर्शन 2.0 में शामिल किया है। जशपुर के अप्रतिम प्राकृतिक स्थल 'मयाली बगीचा' के विकास के लिए इसे उप-योजना 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' में शामिल किया है। इसके अलावा सूरजपुर जिले के धार्मिक स्थल कुदरगढ़ मंदिर के कायाकल्प के लिए इसे 'प्रसाद' योजना में भी शामिल किया गया है।



इस उपलब्धि पर प्रदेश के मुखिया सीएम विष्णुदेव साय ने प्रदेश के 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आभार जताया है। सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के धार्मिक और पर्यटन स्थल की भव्यता एवं उसके कायाकल्प के लिए पर्यटन मंत्रालय की ओर से इन जगहों का चयन किया जाना प्रदेशवासियों के लिए खुशी का विषय है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि छत्तीसगढ़ की नैसर्गिक खूबसूरती और गौरवशाली आदिम संस्कृति को देखते हुए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा बिलासपुर और जगदलपुर को स्वदेश दर्शन 2.0 में एवं जशपुर के अप्रतिम प्राकृतिक स्थल 'मयाली बगीचा' के विकास के लिए इसे उप-योजना 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' में शामिल किया गया है।

इसके अलावा सूरजपुर जिले के धार्मिक स्थल कुदरगढ़ मंदिर के कायाकल्प के लिए इसे 'प्रसाद' योजना में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ के धार्मिक और पर्यटन स्थल की भव्यता एवं उसके कायाकल्प के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा इन जगहों का चयन किया जाना निश्चित ही प्रदेशवासियों के लिए खुशी का विषय है। मैं प्रदेश के 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का सहृदय आभार व्यक्त करता हूं।




# भगौड़े शराब कारोबारी विजय माल्या के खिलाफ सेबी का सख्त एक्शन, 3 साल के लिए शेयर बाजार में एंट्री पर बैन

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) ने शुक्रवार को भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मार्केट रेगुलेटर ने माल्या को भारतीय शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने और किसी लिस्टेड कंपनी के साथ जुड़ने से 3 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इसी महीने 1 जुलाई को मुंबई के सीबीआई कोर्ट ने इंडियन ओवरसीज बैंक से जुड़े 180 करोड़ के लोन डिफॉल्ट केस में माल्या के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। माल्या और उसका बेटा 2016 से लंदन में रह रहा है।




### विजय माल्या की सभी मौजूदा होल्डिंग्स फ्रीज रहेंगी

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एसईबीआई ने बताया कि विजय माल्या की मौजूदा होल्डिंग्स, जिनमें म्यूचुअल फंड्स की यूनिट्स शामिल हैं, फ्रीज रहेंगी। 68 वर्षीय माल्या के पास किंगफिशर बीयर निर्माता यूनाइटेड ब्रेवरीज में 8.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और वह कंपनी का चेयरमैन है। उसके पास स्मिरनॉफ वोडका निर्माता यूनाइटेड स्पिरिट्स में भी 0.01 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। बता दें कि विजय माल्या पर किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़े 9,000 करोड़ के बैंक लोन डिफॉल्ट का आरोप है। उसे 2019 में स्पेशल कोर्ट ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। इससे पहले मार्च 2016 में वह भारत छोड़कर यूनाइटेड किंगडम भाग गया था। इंडियन ओवरसीज बैंक का 180 करोड़ लोन नहीं चुकाया



न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, इसी महीने 1 जुलाई को मुंबई के सीबीआई कोर्ट ने इंडियन ओवरसीज बैंक से जुड़े 180 करोड़ के लोन डिफॉल्ट केस में माल्या के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि माल्या ने जानबूझकर भुगतान में डिफॉल्ट करके सरकारी बैंक को 180 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान पहुंचाया।यह वारंट सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए एक धोखाधड़ी मामले से जुड़ा है। जिसमें आरोप है कि 2007 से 2012 के बीच आईओबी से ली गई लोन रकम का गलत तरीके से उपयोग किया गया था। मामले में सीबीआई द्वारा हाल ही में दायर चार्जशीट के अनुसार, बैंक ने एक समझौते के तहत निजी विमानन कंपनी को ये क्रेडिट सुविधाएं दी थीं।

### माल्या के प्रत्यर्पण पर क्या बोले थे विदेश मंत्री जयशंकर

मई में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत ने देश से भागे भगोड़े आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण से जुड़े मामले मजबूती से पेश किए हैं। उन्होंने कहा था, यह एक सवाल है जो हमें ज्यादातर यूके से पूछना चाहिए, क्योंकि वहीं हाई प्रोफाइल अपराधी गए हैं और हमने अपना मामला मजबूती से पेश किया है। जैसा कि आप देख सकते हैं, कई दौर की कानूनी कार्यवाही हमारे पक्ष में गई है। उन्होंने कहा था कि यूके को इस मामले में जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

जयशंकर से पूछा गया था कि प्रत्यर्पण प्रक्रिया इतनी जटिल क्यों है और इसके बाद भारतीय न्यायिक प्रक्रिया से गुजरना क्यों जरूरी है।

# छोटे बच्चों को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, ऊर्जा, विटामिन युक्त पौष्टिक भोजन दें - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल जिले में चले रहे पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत पालक चौपाल कार्यक्रम में छुरिया विकासखंड के ग्राम लालुटोला एवं पिनकापार आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका पहल विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कम वजन वाले बच्चों के वजन में वृद्धि कर सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए शिशुवती माताओं एवं गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया जा रहा हैं।

बच्चों के वजन में वृद्धि करने और सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत पालक चौपाल का प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पालक चौपाल में कुपोषित बच्चों के पालकों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। कलेक्टर ने पालक चौपाल में गर्भवती श्रीमती खिलेश्वरी कंवर की गोदभराई की और श्रीमती नगमा की बालिका होमायरा का अन्नप्राशन किया। इस अवसर पर उन्होंने सुपोषित बच्चों की माताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल नियमित भेजने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत पालक चौपाल में बच्चों के पालकों को

- सुपोषित बच्चों की माताओं को श्रीफल देकर किया सम्मानित
- कलेक्टर ने गर्भवती श्रीमती खिलेश्वरी की गोदभराई और बालिका होमायरा का किया अन्नप्राशन



**कलेक्टर पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत ग्राम लालुटोला एवं पिनकापार आंगनबाड़ी केन्द्र में पालक चौपाल कार्यक्रम में हुए शामिल, कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की दी सलाह**

बहुत ही सरल तरीके से अपने बच्चे को अच्छे खान-पान से बच्चों का वजन बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को भी पौष्टिक भोजन और स्वच्छता रखने के तरीके बताएं। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए उचित खान-पान की जरूरत होती है। बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर खाद्यान्न सामग्री सेवन कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पालकों को तरीके बताए। उन्होंने पालकों से कहा कि हमारे आसपास बहुत सारी खाद्य सामग्री होती है, जो बहुत पौष्टिक और प्रोटीन युक्त होता है, जिसका सेवन अवश्य करना चाहिए। बच्चों को हरी सब्जी, दाल, भाजी, पपीता, केला जैसी खाद्य वस्तुओं को अच्छी मात्रा में खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में खाने के लिए आदत डालना है। उन्होंने बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी, जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों को थोड़ा-थोड़ा भोजन 4 से 5 बार देना चाहिए। बच्चों को अंकुरित चना, मूंग, दलिया खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे घर के आस-पास सभी खाद्य वस्तुएं मिल जाती हैं, इसका सेवन अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को तिरंगा भोजन देने कहा जिससे उन्हें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, ऊर्जा, विटामिन मिल सके।

पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत पालक चौपाल में पहुंची श्रीमती पुष्पलता सेन ने बताया कि उनका बालक 2 वर्ष 10 माह का है। इसका वजन अभी 14.5 किलो ग्राम है। श्रीमती पुष्पलता सेन ने बताया कि अपने बच्चे को हर दिन रेडी-टू-ईट से नये-नये व्यंजन बनाकर खिलाती है और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखते हुए पौष्टिक भोजन प्रतिदिन 4 से 5 बार खिलाती है। उन्होंने बताया कि सुबह नाश्ते में मौसमी फल खिलाती है। इस दौरान सरपंच श्री महेश कुमार चंद्रवंशी, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, सीडीपीओ श्रीमती कमलावती मरकाम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सिकलसेल एनीमिया जांच महाभियान के तहत 22 हजार 205 लोगों का किया गया सिकलसेल जांच



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सिकल सेल एनीमिया जांच महाभियान के तहत 22 हजार 205 लोगों का सिकलसेल जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया जांच महाभियान अंतर्गत जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सभी मैदानी अमलों द्वारा 20 हजार स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, किन्तु निर्धारित लक्ष्य से अधिक 22 हजार 205 लोगों की सिकल सेल की जांच की गई। जांच में 546 सॉल्युबिलिटी पॉजिटिव 71 एएस वाहक मिले। सभी रोगियों की परामर्श एवं बेहतर इलाज के लिए निर्धारित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में ईलाज एवं फॉलोअप हेतु रिफेर किया गया है।

डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया जांच महाभियान के बेहतर क्रियान्वयन एवं सफल संपादन के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। स्वास्थ्य कर्मियों एवं मितानीन प्रशिक्षक द्वारा स्कूली बच्चों, आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों, आम लोगों की जांच की गई। जिले में 0 से 40 वर्ष के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है, जिस हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरंतर स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्रों में शिविर आयोजित कर जांच की जा रही है। महाभियान की तैयारी एवं मानीटरिंग हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारियों, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, जिला प्रबंधक डाटा, माइक्रो बायोलॉजिस्टिक्स, खंड कार्यक्रम तथा डाटा प्रबंधकों एवं समस्त विभागीय टीम का विशेष योगदान रहा।

## पहला कॉलम...

### संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित किया गया कारगिल विजय दिवस

राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को आयोजित किया गया समारोह का उद्घाटन संस्था के प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्रों द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम कि शुरूवात गणेश वंदना से कि गई इसके बाद कारगिल अटैक को दर्शते हुए छात्र-छात्रों ने नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान वहां मौजूद शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने तालिया बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर छात्र -छात्राओं ने बढ़ चढ़कर देश भक्ति गीत, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता पर भाग लिया। अंत में प्राचार्य डॉ. टी. कुमार ने सभी छात्रो को धन्यवाद दिया।



### शिक्षा सप्ताह का तीसरा दिन खेल दिवस के रूप में मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति लागू होने के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिक्षा सप्ताह 22 जुलाई से 28 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इसी के तहत सप्ताह का तीसरा दिन 24 जुलाई को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द, संकुल भरेंगांव में खेल दिवस के रूप में आयोजित हुआ।



इस दिन स्थानीय खेलों जैसे गिल्ली डंडा, गोटा, भंवरा बाटी, गेड़ी दौड़, फुगड़ी, कबड्डी, नारियल फेक आदि का आनंद बच्चों, शिक्षकों, पालकगणों ने लिया। खेल-खेल में शिक्षा के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक खेलों में भी बच्चों ने बड़ी ही उत्सुकता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर एस.एम.सी उपाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा विश्वकर्मा, संस्था प्रमुख एस.के.सेवता, शिक्षिका विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्पलता देवांगन उपस्थित रही।

### प्रीति चिर्वतकर का निधन



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड नंबर 18 ममता नगर गली नं. पांच निवासी प्रीति चिर्वतकर पति प्रशांत चिर्वतकर का गुरुवार को कार्डियक अटैक से निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से निकाली गई। अंतिम यात्रा में परिजन, मोहल्लेवासी, सामाजिक बंधु शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया गया। वे बालोद जिले के गुंडरदेही तहसील में नायब तहसीलदार थीं। वे ममता नगर निवासी रजनीकांत चिर्वतकर की भाई बहू थीं।

# युगांतर की नृत्य शिक्षिका अमिषा का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल की नृत्य शिक्षिका अमिषा सोनी को पीईएससी प्रयास एंटरटेनमेंट नागपुर संस्था द्वारा कत्थक नृत्य के लिए सर्वश्रेष्ठ आर्टिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



यह सम्मान उन्हें प्रसिद्ध नृत्यांगना व फिल्म अभिनेत्री सुधा चन्द्रन (नाचे मयूरी फिल्म फेम) के मुख्य आतिथ्य में प्रदान किया गया। इस संदर्भ में अमिषा ने बताया कि उन्होंने कई राज्य और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार भी जीते हैं। उन्हें युगांतर के प्राचार्य तथा प्रबन्ध समिति सदा प्रगति करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने गुरू स्वर्गीय मेधा घाटे तथा उनकी सुपुत्री गुरू डॉ अपूर्वा जोशी से विगत 15 सालों से नृत्य की बारीकियाँ सीखी हैं- यह उसी का सुखद परिणाम हैं।

उल्लेखनीय है कि संस्कृति व कला के क्षेत्र में युगांतर के कई कलाकारों ने अद्भुत प्रदर्शन किया है व आगे भी इसी तरह प्रदर्शन करते रहेंगे। इन कलाकारों ने अपनी कला के जरिये अपने विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया है। इसी कड़ी में अमिषा सोनी सशक्त नृत्यांगना के रूप में प्रतिस्थापित हुई हैं। इस अवसर पर उन्हें विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने बधाई दी है।

# रेलवे द्वारा रेल रियायत कार्ड हेतु दिव्यांगजनों के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। रेल प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को रेल यातायात के दौरान रेलवे रियायत देने के लिए रियायत कार्ड जारी किया जाता है। रियायत कार्ड जारी करने हेतु संबंधित शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी दिव्यांग व्यक्ति के नि:शक्तता प्रमाणपत्र व मूल रेलवे कंसेशन प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है।

इस प्रमाणपत्र के सत्याप्न में विलंब होने के कारण रियायत पहचान पत्र जारी करने में विलंब होता है जिसके कारण दिव्यांगजनों को इस रियायत का लाभ लेने में कठिनाईयों का सामना करना पडता है इसके मद्देनजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा समय-समय पर रेलवे स्टेशनों में शिविर के माध्यम से इस प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में वाणिज्य विभाग दपूमरे नागपुर द्वारा दिनांक 29.07.2024 तथा 30.07.2024 को राजनांदगाँव स्टेशन पर 10.30 बजे से 17.00 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा दिव्यांगजनों को रेलवे रियायत कार्ड उनके करकमलों द्वारा वितरित करने हेतु रेल प्रशासन द्वारा आमंत्रित किए गया है।

इस शिविर में वाणिज्य विभाग के अधिकारी संबंधित रेल कर्मी तथा राजनांदगाँव के स्थानीय शासकीय चिकित्सरक उपस्थित रहकर प्रमाण पत्र एवं रेलवे कंसेशन प्रमाणपत्र का सत्यापन करेंगे और रेल रियायत कार्ड का स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर नियमानुसार रियायत कार्ड जारी करने संबंधी सभी प्रक्रिया पूर्ण किया जायेगा ताकि दिव्यांगजनों को रियायत कार्ड प्राप्त करने में होने वाले विलंब से राहत दिलाई जा सकें।

दिलीप सिंह, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर ने राजनांदगाँव एवं आस-पास के सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे अपने साथ फोटो, आधार कार्ड एटीसी, पहचान पत्र, एड्रेस जन्म प्रमाणपत्र चिकित्सां संबंधित आवश्यक दस्तोवेज आदि साथ लाए और इस शिविर का लाभ उठाए।

# कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र लालुटोला और हायर सेकेण्डरी स्कूल पिनकापार का किया आकस्मिक निरीक्षण

**स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज छुरिया विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र लालुटोला और हायर सेकेण्डरी स्कूल पिनकापार का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र लालुटोला में ओपीडी में मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

उन्होंने गर्भवती माताओं तथा बच्चों के टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं एवं बच्चों का टीकाकरण निर्धारित समय में होना आवश्यक है, इसे सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने गर्भवती माताओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने कहा। उन्होंने मौसमी बीमारियों के मरीजों के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में दवाईयां रखने कहा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने हायर सेकेण्डरी स्कूल पिनकापार का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से बात कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा।



कलेक्टर ने बच्चों की प्रशंसा की और बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सरपंच महेश कुमार चंद्रवंशी, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# वेस्ट जोन जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में आज दो सेमीफायनल मैच



**मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने गुजरात को 2-0 गोल से पराजित कर सेमीफायनल में प्रवेश किया**

राजनांदगांव (दावा)। बालिका वर्ग में आज खेले गए एक मैच में मेजबान छत्तीसगढ की बालिकाओं को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में गुजरात को 2-0 गोल से पराजित किया।

आज मैच के दौरान अंसुता लकरा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मिथलेश शर्मा एन.डी.ए स्पेशलिस्ट राजनांदगांव, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी व सचिव आयोजन समिति, मृणाल चौबे, ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्लेयर आफ द मैच के पुरूस्कर वितरित कर खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही द्वितीय वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के छठवे दिन प्रातः खेले गए बालिका वर्ग में खेले गए एक मैच छत्तीसगढ ने गुजरात को 2-0 गोलो से पराजित किया हॉकी गुजरात के खिलाड़ियों ने भी अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया दोनो ही खिलाड़ियों के मध्य संघर्षपूर्ण मुकबला दर्शकों को देखने को छत्तीसगढ की कप्तान गीता यादव ने मैच के शुरूवाती समय 4थे व 9वे मिनट में 2 गोल करते हुए 2-0 गोल की बढत बनाई थी उसके बाद हॉकी गुजरात के खिलाड़ियों ने भी अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए मेजबान छत्तीसगढ को कोई भी गोल करने नही दिया छत्तीसगढ के बालिकाओं ने गोल करने का लगातार प्रयास करते रहे किन्तु गुजरात के खिलाडियों ने उन्हे 2-0 गोल की स्कोर पर ही रोक दिया। प्रतियोगिता में खेले जा रहे मैचों में बालिका वर्ग में मैन ऑफ द प्लेयर का पुरूस्कार पहले मैच में हॉकी छत्तीसगढ़ की कप्तान गीता यादव को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया वही अतिथियों को भी आयोजन समिति की ओर से हॉकी स्टीक स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया जा रहा हैं।

### आज के मैच

बालक वर्ग का पहला मैच सुबह 06:30 बजे हॉकी गुजरात विरूद्ध गोवा हॉकी मध्य खेला जायेगा। बालिका वर्ग का पहला सेमीफायनल मैच सुबह 08:15 बजे हॉकी मध्यप्रदेश विरूद्ध हॉकी राजस्थान के मध्य खेला जाएगा। दूसरा सेमीफायनल मैच सुबह 10:15 बजे हॉकी महाराष्ट्र विरूद्ध छत्तीसगढ हॉकी के मध्य खेला जायेगा। बालक वर्ग का दूसरा मैच दोपहर 12:15 बजे हॉकी महाराष्ट्र विरूद्ध हॉकी राजस्थान के मध्य खेला जायेगा। बालक वर्ग का तीसरा मैच संध्या 04 बजे हॉकी मध्यप्रदेश विरूद्ध छत्तीसगढ हॉकी के मध्य खेला जायेगा।

# रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी फेस 2 के बीरबल देशमुख बने सर्वसम्मति से अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। रिद्धि सिद्धि कॉलोनी में सभी कॉलोनीवासियों एवं सदस्यों द्वारा समिति का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से बीरबल सिंह देशमुख को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए योगेश्वर देशमुख संपत सिन्हा, डॉ. नंदिनी दानी व सुनील कुमार सचिव बनाए गए कोषाध्यक्ष हेमलाल साहू, संयुक्त सचिव जितेन ठाकुर, संरक्षक चेतन साहू, राजेश डूम्भरे चुने गए कालोनीवासियों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई ज्ञापित किया।

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202407092200018
विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:-
राजस्व सत्र:- 2023 24
अण्डी प.ह.नं. 00028 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - किशन उइके,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशन उइके आ. सुखदेव उइके जाति गोंड सा. अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र प्रेमराज आ. किशन का जन्म दिनांक 02.11.2013 को स्थान अंडी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो. 8964960450

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/07/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, तहसील डोंगरगढ़

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
0-3-5
256-3 234-9
राजधानी
4-6-8
379-9 369-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

SWACHH SURVEKSHAN #MeraShaharMeriPehchan 2024 | TULIP

नगर पालिक निगम राजनांदगांव, जिला – राजनांदगांव (छ.ग.)
स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0

क्र./528 दिनांक 25/07/2024

//आवश्यकता//

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05.08.2024 | 4500 | 5 | 9685305551 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

आ.क्रं.59/जनसंपर्क/24

आयुक्त
नगर पालिक निगम,राजनांदगांव

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
26th July to 01st Aug 2024



Deadpool & Wolverine 2D (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Raayan (Hindi) - 06:00 & 09:00 pm
Bad Newz - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Handa (C.G)- 12:00 & 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# बारिश से मौसमी बीमारियों का अटैक, लोग हो रहे बीमार

0 सर्दी-खांसी सहित डेंगू-डायरिया, मलेरिया के मरीज बढ़े, स्वास्थ्य विभाग हुआ एलर्ट
0 नलों मे गंदा पानी आने से सेहत पर पड़ रहा विपरित असर, जल में-जनित रोगों को मिल रहा बुलावा

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित पूरे जिले भर में हो रही लगातार बारिश से मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है।

इससे जिला अस्पताल सहित मेडिकल कालेज हास्पिटल में सर्दी-खासी सहित डेंगू-मलेरिया, टायफायड, डायरिया जैसे रोगों के मरीजों की भीड़ देखने में आ रही है। इसी तरह निजी हास्पिटलों में भी बड़ी संख्या में सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल फीवर, मलेरिया, टाईफाईड के मरीज इलाज कराने पहुंच रहे है। इधर मौसमी बीमारियों के प्रकोप बढ़ने से डेंगू डायरिया के मरीज भी सामने आ रहे है जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव में सर्वे कार्य कराया जा रहा है। शहर के संवेदनशील वार्डो के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मौसमी बीमारियों से जूझ रहे लोगों की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए गांव-देहात क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा जिला चिकित्सालय अथवा मेडिकल कालेज हास्पिटल-पेंड्री में भर्ती कराने की समझाईश दी जा रही है।

### ओपीडी में बढ़ी भीड़

बता दे कि जिले में हो रही लगातार बारिश से मौसमी बीमारियां पैर पसारने लगी है। शहर के दोनों शासकीय अस्पताल जिला चिकित्सालय व मेडिकल कालेज हास्पिटल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में इजाफा देखने में आ रहा है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. यू.के. चन्द्रवंशी की माने तो हास्पिटल में रोजाना 10 से 15 मामले मलेरिया, डायरिया के आ रहे है, वहीं सर्दी-खासी उल्टी-दस्त, वायरल फीवर के मामले अधिक है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के त्वरित इलाज पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

डॉ. चन्द्रवंशी ने अस्पताल में पानी भर जाने का रोना रोया और कहा कि अस्पताल में घुटनों तक पानी घुस जाने से भर्ती मरीजों के साथ-साथ डाक्टरों नर्सो व अन्य कर्मचारियों की परेशानी होती है। स्थानीय प्रशासन आज तक बारिश के दिन में जिला अस्पताल में पानी भर जाने का काट नहीं खोज पाया है। हास्पिटल में पानी भरे होने से यहां आने वाले मरीज और भी बीमार हो जाते है।

नलों में आ रहा गंदा पानी बताते चले कि शहर सहित पूरे जिले भर में हो रही लगातार बारिश से शिवनाथ नदी में कचरा-गंदगी भी बह कर आने लगे है। मोहारा स्थित जल संयत्र के इंटकवेल में कचरा फंस जाने की वजह से शहर की पेयजल सेवा बाधित तो हुई ही साथ ही नदी के पानी का समुचित रूप से शोधन नहीं होने से नलों में गंदा पानी का सप्लाई भी हो रहा है। इससे लोगों की सेहत पर विपरित असर पड़ रहा है और लोग जल जनित रोगों से ग्रसित हो रहे है। डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि गंदा पानी सेवन से लोग पेट संबंधी शिकायत के अलावा उल्टी-दस्त के भी शिकार हो रहे है।

इसी तरह मेडिकल कालेज हास्पिटल के मेडीसीन विशेषज्ञ डॉ. चेतन साहू ने बताया कि बारिश के दिनों में लोगों के बाहर की चीजे खाने से भी पेट सम्बंधी शिकायते आ रही है। उन्होंने कहा कि गंदा पानी पीने से डायरिया रोग का प्रकोप देखने को मिल सकता है। मेडिकल कालेज हास्पिटल में मलेरिया डायरिया सहित अन्य बीमारियों के मरीज आ रहे है। डेंगू के मरीज इक्के-दुक्के आने की बात उन्होंने बताई है।

### मौसमी बीमारियों स मरीजों का इजाफा

जिला चिकित्सालय बसंतपुर के सिविल सर्जन एवं मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ. यू.के. चन्द्रवंशी का कहना है कि अस्पताल में इन दिनों सभी खासी, उल्टी, दस्त से लेकर वायरल फीवर व मलेरिया, डायरिया के मरीज पहुंच रहे है जिनका अस्पताल के डाक्टरों द्वारा त्वरित उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बारिश के दिनों में खान-पान साफ सुथरा रखने व साफ पानी सेवन किए जाने की सलाह दी है। गंदा पानी छान कर या गर्म कर उसके सेवन किए जाने के लिए कहा है ताकि जल जनित रोगों से बचा जा सके।

" बारिश के मौसम को देखते हुए सभी को एलर्ट कर दिया गया है। पानी को साफ करने ब्लीचिंग-क्लोरिन का उपयोग करने निर्देश दे दिए गए है। स्वास्थ्य अमला सर्वे में भी जुट हुआ है।

**डॉ. एन नवरतन**
**जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ( राजनांदगांव )**

# डेवलपमेंट स्टूडियो में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



राजनांदगाँव(दावा)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आर्ट एंड वेलनेस अकेडमी डेवलपमेंट स्टूडियो में गुरु पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस अवसर पर सभी शिक्षक और प्रशिणार्थी उपस्थित थे। स्थानीय आनंद विहार कॉलोनी ममता नगर में संचालित कला के लिए समर्पित डेवलपमेंट स्टूडियो में संगीत, गायन, कत्थक, जुम्बा, कराटे, गिटार, अभिनय, ड्राइंग आदि की कक्षायें चल रही है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर माँ शारदा के पूजन अर्चन पश्चात् बच्चों के द्वारा विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति की गई। रंगकर्मी शरद श्रीवास्तव ने बताया कि गुरु शिष्य परम्परा को आगे बढ़ाने का अवसर होता है आज का दिन और साथ ही कला की देवी व अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से ही कलाकार अपने हुनर में निखार ला सकता है। इस अवसर पर संस्था के संचालक शरद श्रीवास्तव सहित स्वाति मानकर, सुप्रिया खोब्रागढे, हेमंत साहू, बॉबी सर, संतोष केवट, मनीषा श्रीवास्तव, आरती शांडिल्य और परिजन उपस्थित थे।

# रजक समाज को अनुसूचित जाति वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में राष्ट्रीय रजक महासंघ की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश भर से आए सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ रजक समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर के मार्गदर्शन में सामाजिक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक का पुष्पगुच्छ व शॉल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों से अवगत कराते हुए रजक (धोबी) समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की बात कही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि समाज के सशक्तिकरण से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि तुलसी कौशिक रजक समाज के ही हैं और बहुत ही महनातिय है मेरा बहुत पुराना संबंध है और उनकी मैं कार्यकुशलता की मैं प्रशंसा करता हूं। सभा से पूर्व विधानसभा सभागृह में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल शिरकत करते हुए सामाजिक लोगों से परिचय प्राप्त किया और समाज की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक धरमलाल कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर, सुरेश निर्मलकर, चूड़ामणि निर्मलकर, महेश कुमार कर्ष, दिनेश निर्मलकर, दयालु राम निर्मलकर, राकेश रजक, प्रदेश युवा अध्यक्ष राजा निर्मलकर, श्रीमती चित्ररेखा निर्मलकर, चंद्रनारायण निर्मलकर, डॉ मदन निर्मलकर दुर्ग, दीनानाथ निर्मलकर, ईश्वर निर्मलकर, प्रेम शंकर निर्मलकर, मधु नीलकंठ निर्मलकर सहित राजनांदगांव जिले से कैलाश निर्मलकर, जितेंद्र निर्मलकर, मीडिया प्रभारी लोकेश रजक एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

# एनबीआईएस, बोरी में कारगिल विजय दिवस पर विशेष सभा



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष सभा में समारोह की शुरुआत सर्वप्रथम शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। शाला के बच्चों द्वारा शहीद वीर जवानों को याद करते हुए तेरी मिट्टी में मिल जांवा गीत में भावभिनी समूह नृत्य तथा समूह गीत की शानदार प्रस्तुति दी गयी। कक्षा नवमी के छात्र शुभ सोनी द्वारा अपने शब्दों में वीर शहीदों को नमन किया गया शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा वीर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अपने वक्तव्य में श्री बाजपेयी ने कहा कि वीर जवानों के बलिदान से ही आज हम सफल जीवन जी रहे है। इसलिए हमें सदैव जवानों का सम्मान करना चाहिए जिनकी वजह से हम अपने घर में सुरक्षित है। इस विशेष सभा में शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षकों के साथ कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के सभी बच्चों ने वीर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी।

# डी.पी.एस. सैनिक स्कूल में मनाया गया विजय दिवस



शहीदों को अर्पित किए गए श्रद्धा-सुमन

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के छात्रों के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। यह दिन भारतीय सेना की वीरता, बहादुरी, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। यही वह दिन है जब भारत के जबाज सैनिकों ने अपने शर्ीय और पराक्रम से पाकिस्तानी सेना को धूल चटा दिया था। आज भी इस दिन को याद कर प्रत्येक भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। इस दिन कारगिल युद्ध में शहादत देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है और उनकी बहादुरी को नमन किया जाता है। बच्चों ने कारगिल दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए व उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति से ओत-प्रोत थे।

इस अवसर पर शाला के निदेशक अभिषेक वैष्णव ने कहा कि 3 मई से 26 जुलाई 1999 तक चलने वाले कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को खदेड़ने का काम किया था। यह युद्ध 1999 तब शुरू हुआ जब पाकिस्तानी सेना नियत्रंण रेखा से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर कारिगल बटालिक और द्रास सेक्टर की चोटियों पर आ पहुँची थी इस दौरान हालत बहुत खराब थी। क्योंकि पाकिस्तानी सेना ऊँची चोटियों पर थी जबकि भारतीय सेना निचले हिस्से पर थे, लेकिन भारत के जबाज सैनिकों ने हार नहीं मानी और दुर्गम स्थिति को मात देते हुए पाकिस्तानी सेना को परास्त कर दिया गया।

# दंतेवाड़ा के 18 विद्यार्थी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में निखारेंगे अपनी कला



० विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन का संयुक्त पहल
0 स्नातक स्तर के विभिन्न कक्षाओं में दिया गया प्रवेश

0 दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर के कुलपति पद संभालते ही विवि के प्रशासनिक कामकाज में आयी कसावट

खैरागढ़ (दावा)। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दंतेवाड़ा जिला के 18 विद्यार्थी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में अध्ययन कर अपनी कला को निखारेंगे। इन विधार्थियों को विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर के विभिन्न कक्षाओं जैसे संगीत, नृत्य, लोकसंगीत, थियेटर, चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, क्राफ्ट एण्ड डिजाईन में प्रवेश दिया गया है। प्रवेश दिये गये इन 18 विद्यार्थियों के समस्त शुल्क का वहन जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा किया गया है।

गौरतलब है कि इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय प्रशासन, जिला प्रशासन खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के संयुक्त प्रयास से इन 18 विद्यार्थियों को कला निखारने के लिये ललित कलाओं (संगीत, नृत्य, लोकसंगीत, थियेटर, चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, क्राफ्ट एण्ड डिजाईन ) में आगे बढ़ने हेतु, प्रोत्साहित किया जा रहा है।। इन सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के छात्रावास में भी प्रवेश दिया गया है।

दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति का कमान संभालते ही विवि के प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाना शुरू कर दिया है।। यही वजह है कि इस बार छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए जुलाई माह में सभी परीक्षा परिणामों को जारी कर दिया गया है। सत्र 2023-24 में आयोजित डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त परीक्षाओं का परिणाम 22 जुलाई तक घोषित किया जा चुका है, जबकि बीते सत्र 2022-23 में आयोजित डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त परीक्षाओं का परिणाम 7 दिसम्बर 2023 तक घोषित किया गया था। परिणाम देरी से जारी होने से छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में कुल 97 प्रकार की विभिन्न ललित कलाओं से संबंधित विषय जैसे संगीत, नृत्य, लोक संगीत, थियेटर, चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, क्राफ्ट एण्ड डिजाईन इत्यादि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किये गये हैं। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से 17 सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं 54 परीक्षा केन्द्रों के कुल 13000 विद्यार्थीगण परीक्षा में शामिल हुए थे।

# द्वितीय अवसर परीक्षा अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल के द्वितीय अवसर परीक्षा 2024 अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के संस्कृत विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं में कुल दर्ज संख्या 1300 में से 1242 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। कक्षा 12वीं में डोंगरगांव ब्लॉक से 1 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

जिले में परीक्षा के सफल संचालन के लिए विभिन्न दलों का गठन किया गया है। जिनके द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगांव, प्रभारी सहायक संचालक कृषि डॉ. दीक्षा गुप्ता द्वारा महंत बलराम दास शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय (स्टेट स्कूल) राजनांदगांव एवं महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे द्वारा परीक्षा केन्द्र महंत राजा बलराम दास शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय (स्टेट स्कूल) राजनांदगांव का निरीक्षण किया गया।

# जीवनदीप समिति की बैठक सम्पन्न



राजनांदगांव(दावा)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी में जीवन दीप समिति की साधारण सभा बैठक 24 जुलाई 2024 को श्रीमति प्रतिक्षा भंडारी जनपद पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव के मुख्य अतिथि एवं डॉ. वी.के. खोब्रागढ़े की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें विधायक प्रतिनिधि श्री लीलाधर साहू, श्री नागवंशी नायब तहसीलदार, पुलिस चौकी सुरगी से श्री हरीश टेम्भूलकर, संस्था प्रभारी श्रीमति श्वेता बंसोड़, सुपरवाईजर श्री मेघनाथ भूआर्यख, श्री हेमंत ठाकुर, श्रीमती आर बाजपेयी सहित फोरम के सभी सदस्यों ने उपस्थित होकर विभिन्न एजेण्डा पर सहमति दिया गया।

सुरगी अस्पताल के लिए जनपद पंचायत राजनांदगांव से एसी के लिए राशि स्वीकृत किया गया। अस्पताल में साफ-सफाई के लिए विज्ञापन जारी करने के लिए अनुमोदन किया गया।

इसके अलावा अस्पताल परिषद में स्थित खराब बोर्ड रिपेयरिंग एवं रिपेयरिंग एवं सामग्री क्रय के लिए यांत्रिकी विभाग तथा जनपद पंचायत राजनांदगांव के सहयोग से किया जाना है। सोलर पैनल क्रेडा विभाग द्वारा एवं सी.सी. कैमरा राजा राम मेज प्रोडक्ट एवं पुलिस चौकी के सहयोग से किया जाना है। पार्किंग शेड विधायक द्वारा गार्डन एवं फैसिंग कार्य किया जाना है, यहाँ चिकित्सा अधिकारी नहीं होने के कारण चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना हेतु मांग किया गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार के संबंध में कार्यशाला संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार के प्रकरण का निराकरण एवं राजस्व नक्शा में सुधार के लंबित प्रकरण के निराकरण के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कलेक्टर ने भुंईया सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित संकलन योग्य खसरा, विलोपन योग्य संदिग्ध खसरा, शून्य रकबा वाले खसरा, भूमि स्वामी विहिन खसरा, भूमि स्वामी के नाम में स्पेशल कैरेक्टर युक्त खसरा, संयुक्त खातेदार का नाम पृथक-पृथक दर्ज करने सहित अन्य त्रुटि के सुधार के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार के प्रकरण का राजस्व शिविरों एवं न्यायालयों में अभियान चलाकर निराकरण करने कहा। उन्होंने प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख को राजस्व अधिकारियों के न्यायालय में लंबित त्रुटि सुधार के प्रकरण की सतत् समीक्षा करते हुए साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराये जाने के निर्देश दिए।

कार्यशाला में अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव मनोज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, जिले समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख सूर्यनाथ कुशवाहा, सहायक अधीक्षक अरविंद कुमार शर्मा, सहायक अधीक्षक परमेश्वरलाल भुआर्य, सहायक अधीक्षक रामनरेश पटेल, सहायक अधीक्षक, पुरूषोत्तम ध्रुव, राजस्व निरीक्षक, डाटा एंट्री ऑपरेटर भू-अभिलेख, पटवारी एवं प्रस्तुतकार उपस्थित रहें। कार्यशाला में कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख के तकनीकी स्टॉफ व राजस्व निरीक्षक वर्कलोड भूपेन्द्र देवांगन एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर भू-अभिलेख ज्योतिमर्य तिवारी द्वारा सुधार कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी लाईव ऑनलाईन साफ्टवेयर के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

# कल जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। लोधी समाज का शैक्षिक संगठन लक्ष्य छत्तीसगढ़ के जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा कल 28 जुलाई को जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस समारोह का आयोजन किया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए लक्ष्य के जिला अध्यक्ष बी.एल. वर्मा, लक्ष्य संयोजक महेंद्र वर्मा, सचिव नेतराम वर्मा, कोषाध्यक्ष चैतराम वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि लक्ष्य संगठन के द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा 10 वी व 12 वी में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने तथा बेहतर उच्च शिक्षा व सुविधाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से लक्ष्य प्रतिभा सम्मान व कैरियर गाइडेंस समारोह आयोजित है।

पदाधिकारियों ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. डाकेश्वर वर्मा सहायक अध्यापक राजनांदगांव, लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा तकनीकी विशेषज्ञ, इंजी. पी.एल. सुलाखे सेवानिवृत्त एस. डी. ओ., यशवंत कुमार पटेल सहायक अध्यापक अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय रायपुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम सर्वसमाज मांगलिक भवन चिखली राजनांदगांव में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष बी एल वर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने पंजीकृत विद्यार्थियों, नव नियुक्त कर्मचारियों, सेवानिवृत कर्मचारियों, विशेष योग्यता वाले व्यक्तियों सहित समाज के प्रबुद्ध जनों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी लक्ष्य के पूर्व महासचिव बृजेश वर्मा ने दी।

# सीईओ सुरुचि सिंह ने विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा की



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत ने शेष रह गए आंगनबाड़ी भवन मरम्मत का प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिवों की सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत गांव की नाली से तालाब तक पानी निकासी के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लान लगाने हेतु प्रस्ताव समय-सीमा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने निर्देशित किया। उन्होंने एकल गड्डा शौचालय एवं दो गड्डा शौचालय में परिवर्तन की जानकारी त्रुटिपूर्ण होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और सही जानकारी शीघ्र उपलब्ध करने के निर्देश दिए। एसबीएम के अन्तर्गत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने के लिए गांव का चयन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों को समय-सीमा में जेम पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने तथा संबंधित कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से जेम पोर्टल के संबंध में आयोजित प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा।

सीईओ जिला पंचायत ने एसएलडब्ल्यू निर्माण की जनपद पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को आयोजित स्वच्छता त्यौहार में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता गतिविधियों में शामिल होने कहा। बैठक में घुमंतू पशुओं की व्यवस्था के लिए पहटिया पद्धति अपनाकर चरवाहा एवं चारा की व्यवस्था हेतु पहल करने का सुझाव दिया गया। साथ ही पशु मालिक को पशुओं को खुले में नहीं छोड़ने की समझाईश देने कहा गया। सीईओ जिला पंचायत ने एनआरएलएम के अन्तर्गत लखपति दीदी बनाने की कार्ययोजना, लोकस प्राईजेस फायनेंस की प्रगति, बैंक लिंकेज की प्रगति एवं प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होंने जिसमें जनपद पंचायत डोंगरगढ़ को समय-सीमा में प्रशिक्षण का कार्य सम्पन्न कराने निर्देश दिए। बैठक में महात्मा गांधी-नरेगा के अन्तर्गत लेबर बजट, लंबित भुगतान, उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं पूर्णता प्रमाण-पत्र की समीक्षा की गई। बैठक में डीआरडीए एवं जनपद पंचायत के सभी संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

## अनमोल दावा

*जीवन में सबसे बड़ी खुशी उस काम को करने में है जिसे लोग कहते है कि तुम नहीं कर सकते हो...*

## अनुभवी राजनेता और बिगड़े बोल, महिला विधायक के लिए नीतीश कुमार के शब्द अनुचित

राज्य और देश की राजनीति में लंबा वक्त देने, एक परिपक्व और सौम्य व्यक्तित्व माने जाने और महिलाओं के हित में कई कदम उठाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह क्यों लगता है कि कोई महिला विधायक इसलिए कुछ नहीं जानती है, क्योंकि वह महिला है!

बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार को एक विकासपरक सोच वाले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। खासतौर पर महिलाओं के हित में उनकी सरकार के कुछ काम महत्त्वपूर्ण रहे हैं। मगर पिछले कुछ समय से उनकी जुबान जिस कदर फिसल या लड़खड़ा रही है, उससे हैरानी होती है कि क्या ये वही नीतीश कुमार हैं जिन्हें भारतीय राजनीति में एक शालीन और महिलाओं के हितचिंतक राजनेता के रूप में देखा जाता रहा है!

बुधवार को बिहार विधानसभा में राज्य के संशोधित आरक्षण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर चल रहे विपक्ष के हंगामे के बीच राष्ट्रीय जनता दल की महिला विधायक रेखा देवी को उन्होंने कह दिया कि च्अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं होज! एकबारगी इस तरह का बयान चौंकाने वाला लगता है कि सरकार के मुखिया रहते हुए नीतीश कुमार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए जिस तरह कई अहम फैसले लिए, उसके बरक्स वे अपने विचार अभिव्यक्त करने वाली एक महिला विधायक को चुप कराने की मंशा से अपमानजनक तरीके से भी संबोधित कर सकते हैं!

राज्य और देश की राजनीति में लंबा वक्त देने, एक परिपक्व और सौम्य व्यक्तित्व माने जाने और महिलाओं के हित में कई कदम उठाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह क्यों लगता है कि कोई महिला विधायक इसलिए कुछ नहीं जानती है, क्योंकि वह महिला है! हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है कि नीतीश कुमार के मुंह से महिलाओं को अपमानित करने वाली इस तरह की भाषा का प्रयोग सुना गया। इससे पहले विधानसभा में ही अपने वक्तव्य में जनसंख्या नियंत्रण के मसले पर बोलते हुए वे नाहक ही आपत्तिजनक और अवांछित भाषा का इस्तेमाल कर चुके हैं। इसके अलावा, चुनाव और राजनीतिक अभियानों में भी वे अपने प्रतिद्वंद्वी नेता और उनके परिवार के बारे में दुराग्रहपूर्ण बातें बोल चुके हैं। अफसोसनाक यह भी है कि इस तरह की बातें उन्होंने किसी निजी दायरे की बातचीत में नहीं की, बल्कि सार्वजनिक मंचों पर अपने संबोधनों में की। ऐसा बोलते हुए उन्हें शायद एक पल के लिए भी नहीं महसूस हुआ कि उनके ऐसे बोल का संदेश आम जनता और खासकर महिलाओं के बीच कैसा जाएगा और खुद उनके व्यक्तित्व को किस नजरिए से देखा जाएगा!

विडंबना यह है कि हाल के महीनों में नीतीश कुमार के कई बार नाहक ही आपा खोने, कुछ बयानों और हावभाव ने राजनीतिक गलियारों और आम लोगों के बीच गैरजरूरी चर्चाओं को जन्म दिया! इसमें कोई दो राय नहीं कि उनकी सरकार ने तंत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए बिहार में महिलाओं के लिए पचास फीसद तक आरक्षण की व्यवस्था की, स्कूली शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए। बिहार में शराबबंदी के पीछे भी उनका मकसद महिलाओं को सामाजिक-पारिवारिक जटिलताओं और हिंसा से बचाना था।मगर जनकल्याण के सिद्धांतों में विश्वास रखने वाले किसी भी नेता और सरकार का दायित्व होता है कि वह समाज में वंचित तबकों के हित में सोचे और काम करे। अगर नीतीश कुमार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कुछ किया है, तो इसे उनके दायित्व के तौर पर देखा जाना चाहिए। निश्चित रूप से महिलाओं के हक में लिए गए उनकी सरकार के फैसलों को वाजिब अहमियत मिलनी चाहिए, लेकिन अपने ऐसे कामों की गरिमा को कायम रखना खुद उन पर निर्भर करता है।

# बाइडन के राष्ट्रपति चुनाव से बाहर होने और कमला हैरिस के आने का असर क्या होगा ?

**एंथनी ज़र्चर**

जो बाइडन ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की रेस से खुद को बाहर कर लिया है.बीते हफ़्तों में वो कई बार इस बात पर ज़ोर देते रहे कि वो डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार बने रहेंगे.मगर लगातार बढ़ते दबाव के सामने झुकते हुए बाइडन ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से बाहर होने का फ़ैसला किया है.बाइडन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए समर्थन किया है.

अमेरिकी चुनाव को दिलचस्प बनाने वाले बाइडन के इस फ़ैसले का उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के लिए क्या मायने हैं?

कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाना एक ऐसा जोखिम हैं, जिसे कई डेमोक्रेट्स उठाना चाहेंगे.राष्ट्रपति पद के लिए कमला के उम्मीदवार बनने की संभावनाओं को बाइडन के समर्थन से बल मिला है.बाइडन ने कमला का पूर्ण समर्थन किया है. बाइडन ने कहा कि चार साल पहले कमला को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनना उनका बेहतरीन फ़ैसला था.कमला ने जवाब देते हुए कहा कि वो बाइडन के समर्थन से सम्मानित महसूस कर रही हैं और उम्मीदवारी जीतने के लिए हर संभव कोशिश करेंगी.ये संभव है कि ज़्यादातर डेमोक्रेट्स कमला को समर्थन देने के मामले में बाइडन के ही रास्ते पर चलेंगे.एक महीने से कम वक़्त में डेमोक्रेट्स सम्मेलन होना है. ऐसे में डेमोक्रेट्स किसी तरह की अनिश्चितता की स्थिति से बचना चाहेंगे.ऐसा करने के राजनीतिक और व्यावहारिक कारण हैं.बाइडन के बाद कमला हैरिस दूसरे नंबर के संवैधानिक पद पर हैं. राष्ट्रपति पद का टिकट चाह रही एक पहली ब्लैक महिला को पीछे करना डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए घाटे का सौदा हो सकता है.चुनाव प्रचार के लिए जुटाए गए 10 करोड़ डॉलर यानी क़रीब 836 करोड़ रुपये को भी कमला हैरिस इस्तेमाल कर सकेंगी.



कमला के आगे बढ़ने के कुछ जोखिम भी हैं. पब्लिक ओपिनियन सर्वे बताते हैं कि कमला की अप्रूवल रेटिंग्स बाइडन की तरह ही कम हैं.डोनाल्ड ट्रंप के ख़िलाफ़ आमने-सामने की लड़ाई में कमला हैरिस का प्रदर्शन भी बाइडन जैसा ही है.दूसरी बात ये है कि बतौर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का कार्यकाल कुछ कठिनाई भरा रहा है.प्रशासन संभालने के बाद कमला हैरिस को मेक्सिको से बढ़ते अवैध प्रवासियों के संकट से निपटने की ज़िम्मेदारी दी गई थी.ये एक बड़ी चुनौती है. कई क़दमों और फ़ैसलों के कारण कमला को इस मामले में आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा.गर्भपात से जुड़े अधिकारों के मामले में भी कमला व्हाइट हाउस प्रशासन की प्रमुख शख़्स रही हैं. ये एक ऐसा मुद्दा रहा है, जिससे कमला ज़्यादा प्रभावी ढंग से निपटी हैं.मगर शुरुआत में ही बन गई छवि इतनी जल्दी पीछा नहीं छोड़ती.आखिरी और शायद सबसे ज़रूरी बात. कमला हैरिस पहले भी अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश कर चुकी हैं. मगर साल 2020 में वो इस कोशिश में बुरी तरह नाकाम साबित हुई थीं.कमला तेज़ी से आगे तो बढ़ीं मगर कई इंटरव्यू में वो हकलाईं, बिना किसी विजन के दिखीं और उनका चुनाव प्रचार भी अच्छे ढंग से नहीं संभाला गया था.इस कारण वो शुरुआती प्राइमरी से पहले ही बाहर हो गईं.इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए कमला को चुनना डेमोक्रेट्स के लिए जोखिम भरा हो सकता है. मगर बात ये है कि अब और कोई सुरक्षित विकल्प नहीं बचा है.अब दांव पर है डोनाल्ड ट्रंप की जीत.बीते 50 सालों में हुए राजनीतिक सम्मेलन कुछ हद तक ऊबाऊ सम्मेलनों में तब्दील हो चुके हैं.इन सम्मेलनों का एक-एक मिनट टीवी को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है. ये सम्मेलन राष्ट्रपति उम्मीदवारी के लिए कई दिनों तक चलने वाले विज्ञापन बन चुके हैं.

बीते हफ़्ते रिपब्लिकन सम्मेलन भी ऐसा ही था.

डोनाल्ड ट्रंप के नामांकन स्वीकार करने और लंबे भाषण के बावजूद सम्मेलन का मिज़ाज बदला नहीं.अगले महीने डेमोक्रेट्स का सम्मेलन शिकागो में होना है, जिसका स्वरूप काफ़ी अलग बन रहा है.इस सम्मेलन के लिए बाइडन की प्रचार टीम जो भी तैयारी कर रही थी, वो सारी तैयारियां अब किसी काम की नहीं रह गईं.अगर बाक़ी डेमोक्रेट्स बाइडन की तरह ही कमला का समर्थन करें, तब भी चीज़ों की योजना बनाना, नियंत्रण में लेना और सम्मेलन की बातें एक मुश्किल काम है.

अगर इस सम्मेलन में कमला पार्टी को एकजुट करने में सफल नहीं रहीं तो ये सबके लिए खुला दरबार हो जाएगा. जहां कई उम्मीदवार डेमोक्रेटिक पार्टी का टिकट हासिल करने के लिए कैमरों और बंद दरवाज़ों के पीछे कोशिश कर रहे होंगे.ये एक दिलचस्प राजनीतिक फ़िल्म हो सकती है, जहाँ सब कुछ लाइव और अप्रत्याशित होगा. ये कुछ ऐसा होगा, जिसे अमेरिकी जनता ने पहले कभी नहीं देखा होगा.

इस साल हुए रिपब्लिकन पार्टी का सम्मेलन ध्यानपूर्वक आयोजित किया गया था. इसके तहत पार्टी के सबसे लोकप्रिय एजेंडे का प्रचार किया गया और आलोचना सिर्फ़ एक आदमी पर केंद्रित की गई- राष्ट्रपति जो बाइडन.मगर अब हुआ ये कि रिपब्लिकन पार्टी जिस आदमी के पीछे पड़ी हुई थी, वो अब रेस में ही नहीं हैं.बाइडन के रेस से बाहर होने के कारण रिपब्लिकन पार्टी का चुनावी प्रचार भी पलट जाएगा.रिपब्लिकन पार्टी ने बीता हफ़्ता डेमोक्रेट की कमज़ोरियों को बताने वाले कार्यक्रमों में लगाया. प्रचार टीम ने ट्रंप की ज़ोरदार एंट्री के ज़रिए शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश की.

इसके लिए मशहूर पहलवान हल्क हॉगन, डाना वाइट के अलावा किड रॉक को भी लाया गया.

किसी भी परिस्थिति में अब डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बाइडन से कम उम्र का ही होगा.रिपब्लिकन पार्टी की कमज़ोर बनाम ताक़तवर की रणनीति कमला हैरिस के ख़िलाफ़ चल नहीं पाएगी. ये उन युवा गवर्नरों के ख़िलाफ़ भी नहीं चल पाएगी, जिन्हें बाइडन की कुर्सी संभालने का दावेदार कहा गया.अगर कमला हैरिस उम्मीदवारी जीतती हैं तो रिपब्लिकन पार्टी की कोशिश होगी कि बतौर उपराष्ट्रपति उनके कार्यकाल के दौरान की नाकामियों के बारे में बात करें.महीनों तक कमला हैरिस को बॉर्डर ज़ार कहा गया. बॉर्डर पर किए कामों में असफल रहने के कारण कमला को ये कहा जाता है.उम्मीदवार कोई भी हो, रिपब्लिकन पार्टी बाइडन की उम्र संबंधी कमज़ोरियों पर आक्रामक ही रहने वाली है.ट्रंप ये आरोप लगाएंगे कि देश को जोखिम में डाला गया. इस समय जब अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कुछ महीने ही रह गए हैं, तब हर कोई एक अंधी उड़ान भर रहा है.

# बारिश के पानी में इन बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ता है



बरसात में बच्चों की इम्युनिटी काफी ज्यादा कमजोर हो जाती है. अगर आप खाने-पीने में जरा सी भी लापरवाही करेंगे तो आपको इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है. बारिश के मौसम में कई सारी इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है. इस मौसम में गंदे पानी,मच्छक और पॉल्यूशन के कारण बाकी मौसम के मुकाबले इस मौसम में बीमारी काफी तेजी से बढ़ती है.

इस मौसम में गंदे पानी के कारण भी कई सारी खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ता है. जिसमें डायरिया की बीमारी है. बारिश के गंदे पानी के कारण एंटेरिक फीवर, हैजा, वायरल हेपेटाइटिस और डायरिया जैसी बीमारी तेजी से फैलती है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इन बीमारियों से हर साल हजारों लोगों की मौत हो जाती है. इसलिए इस मौसम में उबले और साफ पानी पिएं. वहीं घर की साफ-सफाई का खासा ध्यान रखें.

**हैजा की बीमारी:** यह बारिश के गंदे पानी से फैलने वाली बीमारी है. हैजा होने पर डिहाइड्रेशन और दस्त की समस्या हो सकती है. इससे बचना है तो साफ पानी और हेल्दी खाना ही खाएं.

**हेपेटाइटिस ए :** गंदे पानी के कारण हेपेटाइटिस ए में लिवर हेल्थ पर सबसे ज्यादा इफेक्ट डालती है. पीलिया, फीवर, मतली जैसी समस्याएं इसमें होती है. इसलिए पानी शुद्ध ही पीने की कोशिश करनी चाहिए.

**टाइफाइडः** दूषित पानी और अनहेल्दी खाने से टाइफाइड हो सकती है. यह पानी से होने वाली बीमारी है. इसके चपेट में आने वाले व्यक्ति की एनर्जी खत्म हो जाती है. डेंगू और चिकुनगुनिया जैसी बीमारियां भी बारिश के मौसम में अपने पैर पसारती हैं.

### इस तरह करें बचाव

1. कभी भी कहीं लगे नल से पानी नहीं पीना चाहिए. इससे गंदा पानी पीने का रिस्क रहता है.

2. हाथों की साफ-सफाई जरूरी होती है. चूंकि इसी से हम खाना खाते हैं, इसलिए खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोएं.

3. खुले ठेले वालों से सब्जियां खरीदने के बाद उसे अच्छी तरह से धोकर ही पकाएं.फल-सब्जियों को खाने से पहले धोने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है.

4. जहां आप रहते हैं, वहां आस-पास स्वच्छ और हरा-भरा रखने की कोशिश करें. गंदा पानी जमा न होने दें. क्योंकि गंदे पानी में मच्छर पैदा होते हैं और बीमारियां फैल सकती हैं.

5. बारिश के मौसम में कीड़े काटने का डर रहता है, इसलिए शरीर को पूरी तरह ढक कर ही रखें. मलेरिया और डेंगू से बचने के लिए मॉस्किटो रिपेलेंट का यूज करें.


6. जहां जलभराव हो, वहां से दूर करने की कोशिश करें, क्योंकि इससे हेल्थ को खतरा हो सकता है. बारिश में बाहर से आने के बाद पैर जरूर धोएं.

## शब्द सामर्थ्य -130

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. मृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुशबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 129 का हल**



## सू- दोकू क्र.130

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.129 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### आही का अम्बानी, सुधारे बर छानी ?

धीरे-धीरे खबर पढ़कर,
मंगलू मजदूर का बेटा दरबारी
खूब चकित होकर, बोला-
''सुन तो ददा! ये बिहाव के खबर ला!
अम्बानी के बेटा अनन्त,
बहू राधिका के बिहाव के जसन
अभी ले बाकी हे गा।
ओ हा लंदन में, अम्बानी के
महल असन होटल में हो ही।
जानथस ददा। तीन सौ एकड़ में बने हे वो होटल।
तो तै अब अन्दाजा लगा ले
उंहां... कतेक कमरा अउ खेलेकूदे खातिर
आनी बानी के का का सामान हो ही
अउ ददा।.......।''
एकाएक मंगलू चिढ़ उठे- ''छोड़ ये खबर
बेटा-बहू, होटल अउ अम्बानी।
तैं, जानथस, तोर दाई ला कतेक होत हे परेशानी।
रसोई के परछी के छानी के खपरा ह
बेन्दरा के मारे टूट-फूट हो हे,
ते पाय के कई जगह ले टपकत हे पानी।
जा धीर लगा के छानी में चढ़
और खपरा मन ला ठीक कर।
दरबारी ने कहना-चाहा पर,
ददा ये अम्बानी के खबर
मंगलू ने गुस्सा कर कहा-अरे दरबारी
अइसने पानी लगातार टपकत रही,
तोर दाई हा, खाना बनात-बनात भीगत रही,
ओती गरजत-बरसत रही बादर
अउ ऐती रदरहाद रही छानी से पानी
वोला सुधारे बर आओी का तो वो अम्बानी?
तो बेटा। अखबार ल फेंक,
अउ अपन छानी ल देख।''



– गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### व्यर्थ की आलोचना अथवा दोषारोपण न करें

(पं. श्री राम शर्मा आचार्य)

दूसरों की आलोचना करना बड़ा खतरनाक है। आलोचना इस ढंग से करें कि दूसरों की कमजोरियों पर एक इशारा मात्र हो। अभद्र तरीके से की गई आलोचना या व्यर्थ का दोषारोपण बड़ी हानि पहुँचाता है। अच्छा तो यह है कि आप इस कार्य से दूर ही रहें, यदि करना ही पड़े तो घूमाकर किसी अन्य की निर्बलताओं की ओर संकेत कीजिये।

मान लीजिसे भोजन सूचिकर नहीं बना है तो पत्नी को समझाइश देते हुए यह कहें कि चलो कल का भोजन अधिक अच्छा मिलेगा, इससे गृहिणी खराब नहीं मानेगी। आलोचना करते समय यदि किसी दुर्गुण का जिक्र करना पड़े तो पहले सद्गुण से शुरू कीजिये। सद्गुण का जिक्र करना पड़े, तो दूसरे का अहं उत्तेजित हो जायेगा और वह आप के द्वारा संकेत किए गए दुर्गुण को दूर करेगा। दूसरा जब यह समझता है कि उसके विषय में आप के हृदय में अति उच्च धारणाएँ है, तो वह केवल आप को प्रसन्न करने मात्र के लिए उसी स्टैण्डर्ड तक आने को चेष्टा करता है यदि उसमें कोई दुर्गुण भी होता है तो उसको भी वह त्याग देता है, प्रत्येक व्यक्ति में दिलचस्पी लेकर उसकी गुप्त दुनिया में प्रवेश कीजिये, उसके गुण-दोष देखिये, फिर प्रीतियुक्त दृष्टिकोण से और शहद सी मधुर भाषा में उसे समझाइये।



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़

## राशिफल



**मेष**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको सकारात्मक माहौल में काम करने का मौका मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप कोई नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।




**वृषभ**

आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज कोई खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की प्रतीक्षा आज समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।




**मिथुन**

आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं, आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी।



**कर्क**

आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर का अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। संतान को लेकर उलझने दूर होगी।



**सिंह**

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही उलझनों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी का प्रयास कर रहे लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। राजनीति से जुड़े लोगों का रुतबा बढ़ेगा।




**कन्या**

आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे।




**तुला**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से आपको सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम और परिवार के बीच बैलेंस बना कर चलेंगे।




**धनु**

आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे। इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके परिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी।




**मकर**

आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त रहेंगे।



**कुंभ**

आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे। लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।



**मीन**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं। आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने मामले को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में आएगा। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं।

# छह माह में स्ट्रीट लाईट बिगड़े, पोल उखड़े, 17 लाख रूपये हुए थे स्वीकृत, निर्माण कार्य में हुआ भ्रष्टाचार



### मामला नगर पंचायत छुरिया का

छुरिया (दावा)। नगर पंचायत में लाखों रूपये की लागत से नगर सौंदर्यीकरण के कार्य हुए लेकिन छह माह में ही नगर के प्रमुख मार्ग में लगे स्ट्रीट लाईट बिगड़े पड़े हुए हैं, साथ ही कई स्थानों के पोल भी उखड़ गए हैं। जो निर्माण कार्य में हुए जमकर भ्रष्टाचार को दर्शाता है। अगर इस मामले की सूक्ष्म जांच की जाए तो संबंधित ठेकेदार एवं इंजीनियर की गड़बड़ी उजागर होने की प्रबल संभावना है।

मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत छुरिया एवं चिचोला सड़क मार्ग में डिवाइडर पर अधोसंरचना मद से वर्ष 2023-24 में स्ट्रीट लाईट एवं पोल निर्माण कार्य के लिए 17 लाख रूपये की स्वीकृति मिली थी। इस निर्माण कार्य का टेण्डर आशीष साव जांजगीर चांपा को मिला था।

निर्माण कार्य के शुरूआत से ही ठेकेदार एवं इंजीनियर की मिलीभगत से स्ट्रीट लाईट, पोल की खरीदी में जमकर भर्राशाही की गई एवं स्तरहीन पोल खंभे लगाए गए। लाईट की खरीदी में उच्च स्तरीय खरीदी न करते हुए निम्न स्तर के लाईट खरीदे गये। नतीजा छह माह में ही कई लाईट खराब हो गए है। जहां-जहां लाईट खराब हो गए हैं वहां अंधेरा छा गया है, जिसे सुधारने का प्रयास भी नहीं किया जा रहा है। स्ट्रीट लाईट, पोल खंभे कई स्थानों में झुक गए हैं, गिरने के कगार पर है। यदि इस मामले की सूक्ष्म जांच की जाए तो खरीदी बिक्री में कई गड़बड़ियां मिलने की संभावना है।

### 14 जगहों के स्ट्रीट लाईट बिगड़े

नगर पंचायत के सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए स्ट्रीट लाईट में से 14 जगहों पर स्ट्रीट लाईट छह माह के भीतर ही खराब हो गए हैं। वहीं कई स्थानों में स्ट्रीट लाईट से रोशनी भी कम आ रही है। इस कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। परिणाम स्ट्रीट लाईट बंद होने से नगरवासियों को अंधेरे से गुजरना पड़ रहा है।

### ठेकेदार को नोटिस जारी

छुरिया-चिचोला सड़क मार्ग पर डिवाइडर पर लगे स्ट्रीट लाईट खराब एवं खंभे उखड़ने पर नगर पंचायत ने कार्य एजेंसी संचालक आशीष साव को नोटिस थमाते हुए शीघ्र ही खराब पड़े स्ट्रीट लाईट सुधारने अल्टीमेटम जारी किया गया था। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा डोंगरगांव नगर पालिका से स्काईलिफ्ट वाहन मंगवाकर गड़बड़ी छुपाने नये स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य किया जा रहा हैं।

# महाविद्यालय डोंगरगांव में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



डोंगरगांव (दावा)। नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया गया. इस गरिमामय आयोजन को प्राचार्य डॉ.बी.एन.मेश्राम के मार्गदर्शन तथा एन.सी.सी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में उन शहीदों के शहादत को याद किया गया, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुवे अपने प्राण न्योछावर कर दिए. सर्वप्रथम डोंगरगांव क्षेत्र के शहीदों में रामाधीन गोंड, गीताराम भंडारी, अंजोर सिंह यादव के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उनको नमन किया गया. प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ.चेतन साहू ने देश भक्ति के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए और यह बताया की देश भक्ति निभाने के और भी कई तरीके हैं, जिसकी शुरुवात स्वयं के सुधार से की जा सकती.

# महरूम का मुख्य सड़क बदहाल



### मामला खुज्जी विधायक के संज्ञान में, फिर भी समाधान नहीं

डोंगरगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम महरूम का मुख्य सड़क वर्षों से बदहाली और दुर्दशा का पर्याय बना हुआ है। बारिश में उक्त रास्ते पर ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो गया है।

वहीं पाइप लाइन बिछाने के लिए किया गया गड्ढा ग्रामीणों और राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है. इस रास्ते में आए दिन ग्रामीण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं साथ ही एम्बुलेंस सहित आपातकालीन गाड़ियां भी कीचड़ व गड्ढे में फंस रही है. ज्ञात हो कि ग्राम के इस मुख्य मार्ग से ही स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, बाजार पसरा और सार्वजनिक वितरण खाद्य गोदाम तक पहुंचा जाता है. ग्रामीणों के अनुसार इस सड़क की दुर्दशा को सुधारने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही क्षेत्रीय विधायक से भी मांग की जा चुकी है किन्तु इस समस्या का समाधान आज पर्यन्त तक नहीं हो पाया हैं. बारिश के मौसम में सबसे अधिक इस रास्ते पर चलने वाले स्कूली बच्चे परेशान रहते हैं जब इस सड़क से गुजरने वाली गाडियों से उड़ने वाले कीचड़ से उनका ड्रेस लथपथ हो जाता है और वे लाचार होते हैं. ग्रामीण स्थानीय स्तर में जन सहयोग व श्रमदान से मुरूम डालकर रास्ता को चलने लायक बनाने की कोशिश की किन्तु यह काफी नहीं है.

# पहला कॉलम...

## नई शिक्षा नीति के तहत टप्पा स्कूल मे कार्यक्रम का हुआ आयोजन



टप्पा (दावा)। नई शिक्षा नीति के तहत शालाओं में चल रहे शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत आज द्वितीय दिवस को शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला टप्पा में एफ.एल.एन.व स्मार्ट माता अंगना मां शिक्षा द्वारा बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के विकास के लिए गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन संचालित गतिविधियों का आकस्मिक निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव आर एल पात्रे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री रश्मि ठाकुर, संकुल समन्वयक यशवंत देवांगन द्वारा किया गया और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## अर्जुनी में नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा




डोंगरगांव(दावा)। पॉवर हाउस चौक अर्जुनी में पॉवर सिद्धि मित्र मंडल समिति द्वारा नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा किया गया. दूसरे दिवस प्रातः कलश यात्रा के माध्यम से भक्तों ने नदी से जल लाकर भगवान का जलाभिसेक किया गया. यह धार्मिक कार्यक्रम देर रात्रि तक अनवरत चलता रहा जिसमें अर्जुनी ग्राम सहित समीपस्थ ग्राम पैरी, झिटिया ग्रामों के श्रद्धालुगणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

## आज हरदी में साकेत द्वारा काव्य गोष्ठी एवं परिचर्चा

राजनांदगांव (दावा)। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के बैनर तले आज 27 जुलाई शनिवार को हरदी वार्ड नं. 51 के निषाद भवन में दोपहर 12:00 से मासिक बैठक, काव्य गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिषद के कोषाध्यक्ष सचिन निषाद के संयोजन में आयोजित इस विशेष मासिक बैठक में कलम के सिपाही, महान कथाकार एवं उपन्यासकार प्रेमचंद की रचनाओं पर चर्चा की जावेगी। इसके अंतर्गत प्रेमचंद की रचनाओं में सर्वहारा वर्ग, प्रेमचंद की रचनाओं में नारी पात्र, प्रेमचंद की रचनाओं में सामाजिक क्रांति विषयों पर चर्चा- परिचर्चा आयोजित की गई है। द्वितीय दौर में सावन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें उपस्थित सभी रचनाकार काव्य पाठ करेंगे। इस विशेष बैठक में साकेत साहित्य परिषद का रजत जयंती मनाने, साकेत स्मारिका प्रकाशन करने संबंधी चर्चा भी की जावेगी। साकेत के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर, सचिव राजकुमार चौधरी रौना, गोष्ठी के संयोजक सचिन निषाद ने सभी साहित्यकारों से उपस्थित की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कुलेश्वर दास साहू ने दी है।

## मीना भारद्वाज साहित्यश्री सम्मान से सम्मानित



कल्लूबंजारी (दावा)। गत दिनों छत्तीसगढ़ की सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था वक्ता मंच के द्वारा छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं समाज सेवकों का सम्मान किया गया जिसमें समाज सेवा, शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए व्याख्याता मीना भारद्वाज को साहित्य श्री सम्मान 2024 से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकराचार्य विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ.एल.एस. निगम, विशेष अतिथि डॉ.सुरेंद्र रावल शिक्षाविद, सुरेंद्र शुक्ला एवं किरण लता वैध के हाथों सम्मानित किया गया। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते संयोजक शुभम साहू तथा सहयोगी राजा राम रसिक आदि की उपस्थिति में यह कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। मीना भारद्वाज कई सम्मानों से सम्मानित हो चुकी हैं वर्तमान में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष भी है, इस साहित्य श्री सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों ने बधाई दी हैं जिनमें संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, लोकनाथ तांडे, डॉ.राजेंद्र पाटकर, ज्वाला प्रसाद बंजारे, मधु देवांगन, दिनेश कुरेटी, योगेश्वर साहू एवं शशि कला पांडे आदि शामिल हैं।

# भरेंगांव में जनसमस्या निवारण शिविर



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रवक्ता एवं वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमेन नीलू शर्मा राजनांदगांव के ग्राम पंचायत भरेंगांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आमजनों को केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने शिविर स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंटकर लोगों को इन योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने पर भी चर्चा की। श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता को हो रही समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक जिलों में इस प्रकार के जनसमस्या निवारण शिविर लगाये जा रहे हैं। जिसके तहत शासन के अंतर्गत सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं को निराकरण करते हैं। उन्होंने बताया कि आज यहां पर बड़ी संख्या में लोग विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। श्री शर्मा ने बताया कि शासन के लगभग 30 विभागों का स्टाल लगाया गया था जिसमें 352 प्रकरण आए थे उनमें से अधिकांश प्रकरण का त्वरित निराकरण किया गया।

शिविर में मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर महामंत्री कृष्णा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, व पूर्व पार्षद दीपक चौहान उपस्थित थे।

# नीरज विद्या मंदिर में मना कारगिल विजय दिवस

डोंगरगांव (दावा)। जिले की स्थापित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर में पूरी गरिमा के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला परिवार ने कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने देश भक्ति से ओत-प्रोत कविता का वाचन करते हुए, शहीदों का पुण्य स्मरण किया। संस्था प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने कहा कि देश के सैनिक जब तक सरहद पर तैनात है तब तक देश की अखण्डता को कोई भी बाहरी शक्ति चुनौती नही दे सकती। उन्होंने अपने मर्मस्पर्शी उद्बोधन के दौरान कारगिल में शहीद हुए सैनिकों की वीरता का बखान भी किया। इस अवसर पर बच्चों ने देश के लिए अपनी सेवाएं दे रहे सैनिकों के प्रति देशप्रेम की भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं अंचल के प्रसिद्ध शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कारगिल विजय दिवस समारोह का संचालन डॉ लोकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में घनश्याम तिवारी ने दी।

# झाड़ीखैरी सरपंच पर लाखों गबन का गंभीर आरोप




### 0 प्रशासन द्वारा कार्रवाई से हाथ खींचे जाने से भड़के ग्रामवासी
### 0 एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं होने पर चिचोला हाईवे पर सड़क पर उतरेंगे पंचायत के लोग

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाडीखेरी में सरपंच द्वारा विभिन्न कार्यों के पेटे लाखों रुपए का गबन किए जाने का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत सीईओ से लेकर एसडीएम तक तत्काल कार्रवाई की मांग ग्रामवासियों द्वारा की गई है। शुक्रवार को बरसते पानी में बड़ी संख्या में प्रेस क्लब पहुंचे ग्रामवासियों ने प्रेसवार्ता लेते हुए बताया कि ग्राम पंचायत झाडीखेरी के सरपंच के गबन के बारे में जिला पंचायत सीईओ से लेकर एसडीएम तक शिकायत की जा चुकी है इसके बाद भी सरपंच पर कार्रवाई नहीं की जा रही। जबकि जिला पंचायत सीईओ इस संबंध में की गई जांच को निष्पक्ष बताया है और सरपंच पर कार्रवाई के लिए एसडीएम को आदेश दिए जाने की बात कही जा रही है इसके बाद भी एसडीएम द्वारा शासन की राशि का गबन करने वाले सरपंच पर कार्रवाई से हाथ खींचा जा रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सरपंच पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे सभी चिचोला हाईवे पर धरना प्रदर्शन करने सड़क पर उतर जाएंगे। प्रेस वार्ता में ग्राम पंचायत झाडीखेरी के उप सरपंच श्रीमती सुंदरी बाई, ग्रामवासी गोलू साहू, बनतराम इतराम, शेखर साहू, फुलेश कुमार हरकरा, हृदय साहू आदि ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत में जो सरपंच है वह कांग्रेसी है। कांग्रेस सरकार के समय मनमाने प्रस्ताव लाकर मनमर्जी काम करवा लिया जिसका फर्जी बिल बाउचर लगाकर लाखों की राशि आहरण कर ली।

ग्रामीणों ने बताया कि कांग्रेस के समय इस संबंध में बहुत आवाज उठाएं लेकिन सरपंच के कांग्रेस पार्टी का नेता होने के कारण उस समय के प्रशासन ने पूरा मामला दबा दिया। अब जब भाजपा का शासन आया है तो हिम्मत करके ग्रामवासी पुनः उक्त मामले को लेकर पंचायत का लाखों रुपए की हेरा-फेरी व गबन करने वाले सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रशासन के समक्ष आए हैं। लेकिन प्रशासन भी इस मामले में कुछ नहीं कर पा रहा जिससे उक्त सरपंच के हौसले बुलंद हो गए हैं और कहते फिर रहा है कि एसडीएम से उसकी सेटिंग हो गया है। पैसा देकर सेटिंग करा लिया है। तुम लोग चिल्लाते रहो कुछ भी नहीं होने वाला है। ग्रामवासी गोलू साहू ने बताया कि सरपंच ने अपने निजी खेत जाने के लिए 30 लाख रुपए का एक पुल बनवा लिया है। जिसमें उसके खेत के आसपास के लोग ही उपयोग करते हैं। इस तरह सरपंच ने शासन के पैसे को अपने निजी उपयोग के लिए खर्च किया है। आगे बताया गया कि सरपंच ने आदिमजाति सोसायटी की नवीन धान खरीदी केन्द्र में फर्जी मस्टर रोल लगाया है। जिसम अपने परिवार के सदस्यों का मजदूरी बिल निकाला गया है। जबकि उसमें गांव के लोगों के जनसहयोग से काम किया गया है। इससे 2 लाख रुपए का मुरुम ढुलाई के लिए बिल लगाया गया है वह पूरी तरह फर्जी है। कचरा ढुलाई का ग्राम कोई काम नहीं हुआ है इसके बाद भी कचरा ढुलाई के लिए 11 बिल फर्जी तरीके से लगाया है।

# वनांचल क्षेत्र के छात्र रामकपाल कंवर का आई.आई.एस.ई.आर. मोहाली में चयन

### प्रयास विद्यालय रायपुर में अध्ययन रत का छात्र



डोंगरगढ़ (दावा)। ब्लाक मुख्यालय डोंगरगढ़ से 23 किमी दूर महाराष्ट्र की सीमा से लगे वनांचल ग्राम बुढान छापर बोरतलाव के कृषक सोनम राम कंवर के पुत्र रामकृपाल कंवर का चयन अनुसंधान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित भारत के प्रमुख संस्थानों में एक भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आई.आई.एस.ई.आर) मोहाली पंजाब में बीए-एम.एस.मास्टर डिग्री प्रोग्राम के लिए 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में हुआ है।

रामकृपाल प्राथमिक स्तर से ही मेधावी छात्र रहा है। वह कक्षा आठवी में प्रयास विद्यालय रायपुर के लिए चयनित हआ वहा 12 वीं तक अध्ययन करने के बाद आई.आई.एस.ई.आर. मेन्स एवं एडवांस की परीक्षा में क्वालीफाई हुआ। उसका चयन सेंटर फार बेसिक साइंस रायपुर के लिए भी हुआ था। रामकृपाल की इस उपलब्धि पर ग्राम में पदस्थ शिक्षक खेमलाल निशाद, अश्वनी साहू, प्रदीप जैन, सुभाश रणदीवे, उदेराम नेताम, सरपंच दीनाराम कंवर, अध्यक्ष दुर्गेष साहू, थनवार मंडावी, रामअवतार सिन्हा, ओमप्रकाष सिन्हा, गणेशुराम सिन्हा एवं समस्त ग्रामवासियों ने रामकृपाल के उज्जवल भविश्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# बेलरगोंदी में वृद्धजन स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में एकदिवसीय निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 26 जुलाई को आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम के जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा सोनबोईर, सरपंच श्रीमती रमशिला सोनबोईर, अमरसिंग, शिव माली, मोतीराम साहू, विष्णु दास साहू, घुरारुराम वर्मा, मोती साहू, श्रीमती पुनिया बाई एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया।

इस शिविर में 258 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया। 106 वृद्धजन लाभान्वित हुए एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया साथ ही शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण, बी पी, शुगर जाँच किया गया एवं प्रतिदिन योग अभ्यास करने के महत्व को बताते हुए योग के लिए वृद्धजनों को प्रोत्साहित किया गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ.हेमलता वर्मा, देवदास साहू, धीरजीराम सिंन्हा, सोमकांत चंद्राकर, श्रीमती सुशीला मांडवी, शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक छगन राम वर्मा, मुकेश साहू(ओ.ए.ओ.) खिलेश नेताम (लेब टेक्नीशियन), महेंद्र पाल(आर.एच.ओ.), इत्यादि ने अपने इत्यादि ने अपनी सेवाए दी।

# कलेक्टर ने की जिला खनिज न्यास संस्थान से किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा

### आगामी समय में किये जाने वाले कार्ययोजना पर की गई चर्चा

### शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आजीविका मूलक गतिविधियों, अधोसंरचना पर दिया गया जोर

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला खनिज न्यास संस्थान से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर संस्थान अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुभव संरचना पेयजल आजीविका मुलक गतिविधियों, और महिला समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार मुलक कार्यों पर विशेष फोकस करते हुए राशि स्वीकृत करने की बात कही है। जिला खनिज संस्थान के अंतर्गत चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सा सेवा विस्तार एवं अस्पतालों में संसाधन, सुविधा बढ़ाने व चिकित्सकों की भर्ती के लिए राशि स्वीकृत करने कहा है। इसी प्रकार शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, प्रयोगशाला, शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों के लिए ट्विटर शिक्षकों की भर्ती किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्राम पंचायतों में आवश्यकता अनुसार सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है। महिला समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आजीविका मूलक व रोजगार मूलक कार्यों को स्वीकृति देने के लिए सामुदायिक भवन में विविध गतिविधियों का संचालन होगा। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने वित्तीय वर्ष के अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह के साथ जिला खनिज न्यास संस्थान के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्य योजना के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बैहाटोला हाईस्कूल के 40 छात्रों को घम्मन साहू द्वारा सायकल वितरण

**खैरागढ़ (दावा)। शासकीय हाईस्कूल बैहाटोला में सायकल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रिय जिला पंचायत सदस्य व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, अध्यक्षता राधे लाल उइके सरपंच ग्राम पंचायत बैहाटोला, विशिष्ट अतिथि गोरेलाल वर्मा मंडल महामंत्री, घनश्याम वर्मा अध्यक्ष शाला विकास समिति बैहाटोला, सुकृत वर्मा अध्यक्ष शाला विकास समिति देवरी, छगन वर्मा अध्यक्ष शाला विकास समिति विक्रमपुर, उमेंद उइके एवं मानिक टंडन के आतिथ्य में संपन्न हुआ।**



इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने शासन द्वारा निःशुल्क सायकल वितरण से छात्रों को आने-जाने में असुविधा नहीं होगी और शासन की महत्वकांक्षी योजना शिक्षा के प्रति छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक योजना चला रहीं है, जिसका लाभ लेकर बच्चें अपने उज्जवल भविष्य बना सकते हैं, शिक्षा की महत्वता में प्रकाश डालते हुये बच्चों को शिक्षा जीवन के लिये आवश्यक व भविष्य के लिये सही मार्गदर्शन करती हैं। स्कूल की मांग पर मुख्य अतिथि ने शाला के बाउड्रीवाल के लिये राशि उपलब्ध कराने की आश्वासन देते हुये शिक्षा के क्षेत्र के लिये हरसंभव प्रयास करने की बात रखी। अंत में छात्रों का टीका लगाकर सायकल की चाबी सौंपा गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य पांडे मैडम ने स्कूल प्रतिवेदन व मांगपत्र के साथ अतिथियों का स्वागत आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रजक सर द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्याख्यातागण कर्महे सर, ध्रुव सर, तिवारी मैडम, शर्मा मैडम, सेवानित्तृ शिक्षक तिवारी सर, डॉ छगन वर्मा सहित बड़ी संख्य में पालकगण व छात्र-छात्रा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

# दीवानभेड़ी में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया





**डोंगरगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्य. शाला दीवानभेड़ी में गुरु पूर्णिमा पर्व आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुवात किया गया।**

छात्र प्रतिनिधियों के द्वारा भाँ सरस्वती की पूजा फूल एवं गुलाल अर्पित कर किया गया, एवं इसके साथ सभी छात्र छात्राओं के द्वारा मधुर आवाज में एक साथ माँ सरस्वती की वंदना किया गया। संचालन कर रही छात्रा प्रतिनिधि निधि झुलेकर के द्वारा शुरू किया गया व गुरुपूर्णिमा के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए श्लोकों की प्रस्तुति की गई। सभी शिक्षकों का गुलाल एवं फूल से स्वाबाल करते हुए, शुरुजनों को श्रीफल भेंट किया गया। बारी बारी से छात्रों के द्वारा गुरू-महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

गुरु पूर्णिमा पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया, इसके साथ ही प्रधान पाठक बी. एल. यादव के द्वारा पारम्परिक गुरु-शिष्य संस्कृति प्रकाश डालते हुए शुरू की महत्व बताया गया। प्राचीन काल में प्रचलित गुरू कुल परम्परा के बारे में शिक्षिका शशिकला कठोलिया के द्वारा विस्तृत रूप बताया शिक्षक विष्णु शर्मा के द्वारा शुरु शिष्य परम्परा पर प्रकाश डालते हुए कबीर के श्लोकों के माध्यम से गुरू की महत्ता को बताया, शिक्षिका चित्ररेखा वैष्णव के द्वारा गुरू संस्मरण पर अपना विचार रखा गया। अंत में गुरूजनों की आरती एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह बजट विकसित भारत की नींव बनाने का काम करेगा - विक्रांत सिंह

**खैरागढ़ (दावा)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रथम आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह ने इसे अमृतकाल का ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने आगे कहा कि बजट गरीब, महिलाएं, 'युवा' और 'अन्नदाता' पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 05 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा।**



युवाओं के शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे 20 लाख युवा लाभान्वित होंगे। 1000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा। उच्चतर शिक्षा हेतु ऋण राशि के 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज छूट के लिए ई-व्हाउचर दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में 3 करोड़ अतिरिक्त मकान बनाए जाएंगे महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रूपये से अधिक के आबंटन की व्यवस्था की गई है जनजातीय समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसमें 63 हजार गांव शामिल होंगे, जिससे 5 करोड़ जनजातीय लोगो को लाभ मिलेगा। युवाओं को 500 शीर्ष कम्पनी में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किया जाएगा।

# वित्त मंत्री ने बजट में छत्तीसगढ़ को ठगा - महेंद्र यादव

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री महेंद्र यादव ने केंद्रीय आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बजट में छत्तीसगढ़ प्रदेश को विशेष कर कुछ भी नहीं दिया है। सभी वर्गों को ठगने का काम किया है।



बजट में इंटर्नशिप प्रोग्राम को इस सरकार ने कांग्रेस की योजना से कॉपी पेस्ट किया है। देश महंगाई से परेशान है। इससे कैसे निजात मिलेगी बजट में इसका कोई जिक्र नहीं है। इस बजट में मिडिल क्लास को भी कुछ नहीं मिला है।

श्री यादव ने आगे कहा कि भाजपा सरकार के बजट में बेरोजगारी, महंगाई, किसान, महिला, युवा सहित सभी वर्गों को ठगा गया है। किसान की आय दोगुनी करने के लिए कोई योजना नही। मंडियों के लिए बजट में कुछ नहीं है। खाने-पीने की चीजों से लेकर सब चीजों की महंगाई आसमान पर है। सरकार महंगाई नहीं कम करना चाहती है। बजट में गरीबों और महिलाओं के विकास के लिए कोई योजना नहीं है।

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

अम्बागढ़ चौकी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी की कार्यसमिति बैठक साहू धर्मशाला अम्बागढ़ चौकी में आहूत की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष मदन साहू,एवं मंडल प्रभारी योगेंद कोडपे उपस्थित रहे।




बैठक में सर्व प्रथम भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया,तद्पश्चात मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी में स्वागत भाषण देते हुवे सभी अतिथियों का स्वागत किया,एवं मंडल की रूप रेखा से अवगत कराया,मंडल प्रभारी योगेंद कोडापे ने सम्बोधित करते हुवे महामहिम राष्ट्पति महोदया के संसद सदन में दिए गए अभिभाषण का वाचन किया एवं मंडल के कार्यो की समीक्षा की,मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष मदन साहू ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा मंडल कार्य की समीक्षा करते हुवे आगामी तीन माह के कार्यो के बारे में विस्तार से बताया,एवं कार्यकर्ताओं की समस्या सुन जल्द निराकरण करने का अस्वासन दिया साथ ही बुथ मजबूत करने हेतु बुथ में करने योग्य कार्यो को बताया।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से जिला मंत्री पवन गुप्ता,जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती कमलेश सारष्वत,जिला व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक मोहन जैन,जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी,मानपुर मंडल अध्यक्ष धरमु राम भुआर्य,महामंत्री भारत भूषण राजपूत,देवनारायण कुम्भकार, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती ईश्वरी धुर्वे,जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी,मंडल उपाध्यक्ष चुनु साहू,राजेश जैन गुजराती,मंत्री नेहरू रजक,श्रीमती उमादेवी तिवारी,महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कुंजलता हरमुख,युवा मोर्चा अध्यक्ष सतीष शर्मा,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर गुरले,अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अमर खोब्रागड़े,संतोष विश्वकर्मा,जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री किशोर यादव,नारद टेम्भूलकर जिला महामंत्री अ जा मोर्चा,युवा मोर्चा महामंत्री संतोष साहू,महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती योगमाया साहू,श्रीमती तीजन मानिकपुरी,किसान मोर्चा महामंत्री शकर तिवारी, रूपेश यादव, राजकुमार खण्डेलवाल,श्रीमती श्यामा देवी निवरे,पुरषोत्तम ठाकुर,पार्षद सुरेश नेताम,शंकर मानिकपुरी, धनसाय साहू,अनुक कुमार यादव, संजय कुमार साहू,दिलीप कौशिक एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बजट में गरीबी कम करने के उपाय मध्यम वर्ग को राहत- देवेन्द्र यादव

डोंगरगढ़(दावा)। एल.बी. नगर भाजयुमो कोषाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने केंद्र की राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहेले पूर्ण बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला, गाँव-गरीब-किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। बीते दस वर्षो मे 25 करोड़ लोग गरीबी के बाहर निकले है। यह नए मध्य वर्ग के सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट है।



बजट का बहुत बड़ा फोकस देश के किसान है। एस बजट से महिलाओ की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने मे मदद मिलेगी। यहाँ बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने मे मिल का पत्थर साबित होगा। यादव ने कहा मोदी सरकार 3.0 कार्यकाल के आज पेश हुए प्रथम बजट मे अमृतकाल विजन -2047 की स्पष्ट झलक देखने मिल रही है।

# कलेक्टर ने शिशु संरक्षण माह के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में चल रहे शिशु संरक्षण माह सफल आयोजन के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है।



उन्होंने शिशु संरक्षण माह के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए अनुपूरक, 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आईएफए सिरप, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं की जांच, टिटनेस टाक्साइड का टीकाकरण, बच्चों में गंभीर रक्त अल्पता की पहचान एवं स्क्रीनिंग तथा प्रबंधन, प्रसव पश्चात स्तनपान हेतु प्रचार-प्रसार, 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने शिशु संरक्षण माह के दौरान प्रमुख रूप से अभियान पूर्व गतिविधियां, अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों एवं अभियान उपरांत की जाने वाली गतिविधियों पर आवश्यक चर्चा की। कलेक्टर ने कार्यक्रम के सफल संचालन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान मंगलवार एवं शुक्रवार के अनुरूप शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कुल 11 सत्रों का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। इसके लिए कार्ययोजना तथा भ्रमणकारी कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले में आयरन सिरप हेतु 93 हजार 355 एवं विटामिन ए अनुपूरक हेतु 88 हजार 168 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी.एल.तुलावी, वीसीसीएस मैनेजर हितेश कुल्हादे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# अर्जुन अवार्डी ओलंपियन मोहम्मद रियाज का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 21 जुलाई से आयोजित कि जा रही दूसरी हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका स्पर्धा मे बतौर मुख्यचयनकर्ता के रूप में चैन्नई से पधारे मोहम्मद रियाज का खिलाड़ियों के मध्य पूर्व सांसद व पूर्व महापौर मधुसूदन यादव के हाथो साल श्रीफल व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। मोहम्मद रियाज 2 बार के ओलपियन के साथ ही एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के आलावा भारतीय हॉकी टीम के कप्तान भी रह चुके है।



समारोह में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव रहे अतिथि

हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में छत्तीसगढ हॉकी व राजनांदगांव हॉकी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कि जा रही हॉकी इंडिया द्वारा संचालित वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन आज संध्या अतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में आयोजित किए गए सम्मान समारोह में आयोजकों के साथ ही नवोदित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अर्जुन अवार्डी और ओलंपियन मोहम्मद रियाज ने कहा कि मै हॉकी इंडिया का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझे राजनांदगांव भेजा यहां के लोगों को हॉकी के नियम व बारिकियों का ज्ञान है। हॉकी के लिए बहुत उत्साहित रहते है हॉकी बहुत कम राज्य में वर्तमान में खेली जाती है जिसमें से छत्तीसगढ भी अग्रणी राज्यों में से एक है खासतौर पर राजनांदगांव की बात तो और निराली है छत्तीसगढ़ प्रदेश शासन व हॉकी छत्तीसगढ़ खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए बहुत अच्छा काम कर रही है उन्होने नवोदित खिलाडियों से कहा कि वो अच्छी व बहुत मेहनत करें और अपने खेल को निखारे इस अवसर पर पूर्व सांसद व पूर्व महापौर मधुसूदन यादव ने ओलंपियन मोहम्मद रियाज की तारीफ करते हुए कहा कि नन्हे खिलाडियों से आग्रह किया कि वे इनके द्वारा दिए गए टिप्स को ध्यान में रखते हुए अवश्य ही अपने खेल व प्रतिभा को आगे बढाएगें उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खिलाड़ियों को दिए जा रहे सहयोग की भी तारीफ करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

**सीमापार आतंकवाद को कुचल दिया...**

दुर्भाग्य से, कुछ लोगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े ऐसे संवेदनशील मुद्दे को राजनीति का विषय बना दिया है। ये वही लोग हैं जिन्होंने हजारों करोड़ के घोटाले करके हमारी सेना को कमजोर किया है। प्रधानमंत्री ने किसी विपक्षी दल का नाम लिए बिना कहा कि ये वही लोग हैं जो चाहते थे कि भारतीय वायुसेना को कभी आधुनिक लड़ाकू विमान न मिले। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने तेजस लड़ाकू विमान को खत्म करने की तैयारी कर ली थी। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना देश को मजबूत करेगी।

श्री मोदी ने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन लागत बचाने के लिए अग्निपथ योजना लेकर आयी है। उन्होंने कहा, आज भर्ती होने वाले सैनिकों पर पेंशन का बोझ 30 साल बाद आयेगा, इसलिए इस योजना के पीछे यह कारण नहीं हो सकता। हमने सशस्त्र बलों द्वारा लिये गये इस फैसले का सम्मान किया है क्योंकि हमारे लिए देश की सुरक्षा राजनीति से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इन लोगों ने वन रैंक वन पेंशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए और इस मामले में झूठ बोला। हमारी सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन लागू की और पूर्व सैनिकों को 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिये। ये वही लोग हैं जिन्होंने आजादी के सात दशक बाद भी शहीदों के लिए युद्ध स्मारक नहीं बनवाया। सीमा पर तैनात हमारे सैनिकों को पर्याप्त बुलेटप्रुफ जैकेट नहीं दिए और कारगिल विजय दिवस की अनदेखी करते रहे। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, कुछ ही दिनों में पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 को समाप्त हुए पांच साल हो जायेंगे। जम्मू-कश्मीर एक नये भविष्य की बात कर रहा है। बड़े सपनों की बात कर रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहा है।

**ओलिंपिक से पहले फ्रांस के रेलवे ...**

तीन घटनाएं हुई हैं। ल्यों और मेडिटेरेनियन समुद्र की ओर

## प्रथम पेज का शेष

जाने वाली रेलवे लाइन पर आगजनी का प्रयास नाकाम किया गया।

**0 यूरोस्टार ने ट्रेनें रद्द कीं या डायवर्ट कीं-**

एसएनसीएफ ने ट्रेन सेवा की मरम्मत के लिए सैकड़ों कर्मियों को काम पर लगाया है। फ्रांसीसी मीडिया हाउस लीमोन्डे अनुसार, ट्रेन सेवा को बहाल करने में एक सप्ताह से अधिक का समय लगेगा। हमले का सबसे ज्यादा असर ब्रिटेन और बेल्जियम जाने वाली रेलवे लाइनों पर पड़ा है। हमले के मद्देनजर ब्रिटेन ने अपने नागरिकों के लिए ट्रैवेल एडवाइजरी जारी की है। लोगों से फ्रांसीसी रेलवे नेटवर्क का उपयोग न करने को कहा गया है। ब्रिटिश रेलवे कंपनी यूरो स्टार ने कहा कि उन्होंने कई ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट किया है।

**अग्निवीरों के लिए यूपी-मध्यप्रदेश समेत 3...**

मुझे लगता है, हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च मानते हुए इस सशस्त्र बल सुधार के साथ आगे बढ़ना चाहिए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा- ÷मुझे छत्तीसगढ़ के अग्निवीरों को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ के सभी अग्निवीरों को पुलिस कांस्टेबल, वन रक्षक और जेल प्रहरी के पदों पर भर्ती करेगी।

**अग्निपथ युवाओं का भविष्य तबाह कर रही- टीएमसी**

अग्निपथ योजना पर टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने शुक्रवार को न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा- विपक्ष अग्निपथ योजना का विरोध कर रहा है। यह देश में युवाओं का भविष्य तबाह कर रही है। वे 19 की उम्र में भर्ती होंगे और 4 साल बाद उन्हें बाहर कर दिया जाएगा। इसीलिए हम इसके खिलाफ हैं।

केंद्र कर चुका है 10प्रतिशत आरक्षण देने का ऐलान- बता दें कि पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अग्निवीरों के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (पैरा मिलिट्री फोर्स) में 10 फीसदी पद रिजर्व करने की घोषणा की थी। इसके मुताबिक, ष्टक्क्र और असम राइफल्स भर्ती में 10 फीसदी कोटा अग्निवीरों के लिए फिक्स किया जाएगा। भर्ती में अग्निवीरों को कॉन्स्टेबल और राइफलमैन पोस्ट के लिए आयु सीमा और फिजिकल टेस्ट में छूट मिलेगी।

सरकार आने पर 24 घंटे में अग्निवीर बंद करेंगे÷ विपक्ष- हालांकि, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल मोदी सरकार की अग्निवीर योजना को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते रहे हैं। विपक्ष का दावा है कि यह योजना युवाओं को मझधार में लाकर खड़ा कर देगी। साथ ही इससे भारतीय सेना और देश सेवा की भावना को झटका लगा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कई बार बोल चुके हैं कि जब भी हमारी सरकार आएगी, सबसे पहले इस योजना को 24 घंटे में बंद कर देंगे।

**छत्तीसगढ़ विधानसभा ने दी बधाई...**

किरण देव बोले- देश सेवा के प्रति समर्पित हैं मोदी- बधाई प्रस्ताव पर जगदलपुर से भाजपा विधायक किरण देव ने कहा- पीएम मोदी के नेतृत्व में पारदर्शी काम हो रहा है। पीएम ने एक दिन भी छुट्टी नहीं ली, यह उनकी देश सेवा के प्रति समर्पण भाव को दर्शाता है। किरण देव ने कहा कि, पीएम ने कोविड वैक्सीन भारत के साथ अन्य देशों में भेजने का काम किया। पीएम ने गाँव, गरीब किसानों की चिंता की। पिछले 10 सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में बाह्य सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा में बेहतर कार्य हुए हैं। सफलतम विदेश नीति का अनुपम उदाहरण पीएम मोदी ने पेश किया है। केंद्र की सभी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरा देश आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर है।

**भगौड़े शराब कारोबारी विजय माल्या...**

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह वहां के अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे इसे जिम्मेदार दृष्टिकोण से देखें। इसके लिए उनके पास एक प्रतिष्ठात्मक पहलू है। मेरा मतलब है, वे टैक्स चोरों और डिफॉल्टर्स के लिए एक सुरक्षित स्थान के रूप में देखे जाएंगे।

# कमला कालेज में कारगिल विजय दिवस पर पंच प्रण-प्रतिज्ञा कार्यक्रम संपन्न

राजनांदगांव(दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस विशेष महत्तम अवसर पर पंच प्रण-प्रतिज्ञा कार्यक्रम एवं अन्य विशेष कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी इकाई के द्वारा आयोजित किये गये। सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा कारगिल विजय दिवस स्मारक के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजली अर्पण कर अमर शहिदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित संस्था के वरिष्ठ प्राध्यापकगण तथा एनण्सीण्सी एवं रासेयो छात्राओं द्वारा भी स्मारक तैल्य चित्र पर सलामी एवं पुष्पांजली अर्पित की गई।




इस अवसर पर संस्था प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी को सुसंस्कार व्यक्तित्व निर्माण तथा राष्ट्र को विकास पथ पर अग्रसर करने हेतु पंच प्रण प्रतिज्ञा दिलाई गई। साथ ही संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा कारगिल विजय की शौर्य गाथा के संबंध में अभिप्रेरक विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा कारगिल विजय के अमर शहिदों के प्रति संभाषण कविताएं व्यक्त किये गये तथा संस्कृतिक गीत, नाटिका प्रस्तुत कि गई तथा कारगिल विजय शौर्य गाथा से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कारगिल विजय आपरेशन में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान में एनसीसी, एनएसएस इकाई के तत्वाधान में डॉ. आलोक मिश्रा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक द्वारा कदम, आंवला वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का श्रेयस्कर संचालन डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा कारगिल आपरेशन विजय की संक्षिप्त जानकारी कारगिल विजय की महत्ता एवं परंमवीर चक्र, महावीर चक्र एवं वीर चक्र से सम्मानित अमर शहीदों की शौर्य, साहस, वीरता के विवरण के साथ सभी को राष्ट रक्षा के लिए गौरव आवाहन भी किया। कार्यक्रमों का श्रेष्ठ संयोजन श्रीमती रामकुमारी धुर्वा एवं श्रीमती तारा ठाकुर प्रभारी प्राध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ एवं समापन अवसर पर एनसीसी, एनएसएस छात्राओं द्वारा वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे राष्ट्र भक्ति प्रेरणा के नारे गुंजायमान किये गये।

# जोंधरा एक गांव जहां के युवाओं व युवतियों का एक ही मकसद देश सेवा

**राजेश मेश्राम**

जोंधरा (दावा)। यदि इस दुनिया के होने का कोई मकसद है तो हमारे होने का भी कोई ना कोई मकसद अवश्य होना चाहिए और जोंधरा के युवाओं और युवतियों का एक ही मकसद है देश सेवा।

राजनांदगांव जिले छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम जोंध्रा जिसकी आबादी मात्र 1200 के करीब है। यहां करीब इस समय बीस युवक और तीन युवतियॉ देश के विभिन्न बटालियन में रहकर देश सेवा कर रही है। गांव में देश सेवा के लिए जोश और जुनून इतना है कि आने वाली पीढियां के युवाओं का भी एक ही मकसद है देश की आर्मी में जाकर दुश्मनों से लोहा लेना। ग्राम के 80 वर्षीय बुजुर्ग हकीम खान ने बताया की आजादी के दीवाने जब देश को स्वतंत्र करने में एक-एक कर खून बहा रहे थे तब जोंधरा में भी गन्नू कंवर और जंगलू साहू के नेतृत्व में आजादी की रैली गांव में निकली जाती थी। इन दोनों का स्वर्गवास अब से 50 वर्ष पूर्व ही हो चुका है गांव में देश प्रेम के प्रति तो अलख तब ही जल चुका था और जब देश 1947 को आजाद हुआ तो उसी दिन ग्राम जोंधरा में आजादी का झण्ड़ा गाड़ा गया था। जो अब भी जोंधरा के बाजार चौक में स्थित है।



गांव की सरलता, सहजता और माधुर्य आज भी जिंदा है- यह हमारी सांस्कृतिक विरासत ही है कि ग्राम के निवासियों की सरलता सहजता और माधुर्य आज भी जिंदा है।

झंडे से मिलती है प्रेरणा- ग्राम जोंधरा से वर्तमान में तीन लड़कियां क्रमशः वर्षा साहू, उमा सलामे, मनीषा नेताम छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में सेवा दे रही है। वही चंद्रभान सिंह उके, वीरेंद्र उके, भागवत पटौदी, शिव कौशिक, सोहन साहू, रोशन साहू, पोखन साहू, ओंकार साहू सुदर्शन भंडारी, नूनकरण साहू, पूनम चंद्रवंशी, निर्भय सिन्हा, कुबेर सिन्हा भारतीय सेना में अलग-अलग स्थान में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ग्राम में सर्वप्रथम सीआरपीएफ में सेवा देने पहुंचे चंद्रभान उके ने प्रतिनिधि को बताया कि आजादी का झंडा प्राथमिक स्कूल के समीप ही है और मैं बचपन से ही स्कूल आते जाते ही इस झंडे में उड़ते तिरंगे को देखा करता था। तब घर जाकर एक दिन अपने पिताजी से उस झंडे के उस जगह पर खड़े होने के संबंध में जानकारी ली तब उन्होंने मुझे देश की आजादी की लड़ाई से लेकर स्वतंत्रता तक की गाथा सुना दी थी मुझे इस बात का फक्र था कि मैं जिस गांव में पैदा हुआ वहां भी आजादी के लिए रैली निकाली जाती थी । तब से मैं आर्मी में ही जाने का निर्णय लिया था। पीढ़ियां प्रेरणा पाते गई और कारवां बढ़ता गया आज जोंधरा में कुल 23 लोग देश सेवा में समर्पित है एक को सफल होते देख दूसरे को भी उनसे प्रोत्साहित होते गए और आज यह कारवां इस तरह से बढ़ गया जिससे ही ग्राम जोंधरा राजनांदगांव जिले के लिए गौरव गाथा ग्राम कहा जा सकता है।

# बड़ा हादसा टला: पटरी पर गिरा विशालकाय पेड़ से टकराई पैसेंजर ट्रेन

बालोद(दावा)। एक बड़ा ट्रेन हादसा होते होते बच गया। जानकारी के अनुसार बालोद के दल्ली राजहरा से भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्ग, रायपुर तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर गिरे विशालकाय बरगद के पेड़ से यह ट्रेन टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद यात्री रेलगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गई। इस हादसे में आगे का शीशा भी टूट गया। रेलवे ड्राइवर को भी हल्की चोटें आई हैं। यह हादसा भानुप्रतापपुर से पहले मुल्ले कैंप के पास हुआ है। घटना की सूचना पर रेलवे की टीम मौके पर पहुंच गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेन रात 3.25 मिनट पर दल्लीराजहरा से अंतागढ के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान लगभग 4 बजे भानुप्रतापपुर के मुल्ले कैंप एक पास गिरे विशालकाय बरगद पेड़ से ट्रेन टकरा गई। इससे इंजन डिरेल हो गया और शीशा टूट गया। ट्रेन के घायल लोको पायलट का नाम पवन कुमार टंडन बताया जा रहा है। पायलट को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि पैसेंजर की अधिकतर बोगियां खाली थी, जिससे ट्रेन में कुछ ही यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। मामले की सूचना पर रेलवे और आरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे। गनीमत रही की ट्रेन को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि ट्रेन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जोर की थी कि इंजन के दोनों पहिए ट्रैक से नीचे उतर गए हैं, जिसके चलते ट्रेन ट्रैक पर ही फंस गई है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक दल्लीराजहरा से रायपुर के लिए दूसरी पैसेंजर ट्रेन रवाना की गई है। उस ट्रैक पर अभी ट्रेनों की आवाजाही बंद है, जो कि अंतागढ़ से आगे तक जाती है। वहीं बचाव राहत कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे आवागमन बहाल हो सके।



# शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरपुर में जिला स्तरीय गर्भ संस्कार सेशन सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी राजनांदगाँव डॉ. शिल्पा पाण्डेय के मार्गदर्शन में 24 जुलाई को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरपुर जिला राजनांदगाव में गर्भ संस्कार के सेशन का आयोजन शासकीय आयुर्वेद औषधालय सुकुलदैहान द्वारा किया गया।

डॉ. योगेश्वरी ठाकुर, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा गर्भ संस्कार की जानकारी दी गई एवं सभी गृर्भिणी माताओं द्वारा दैनिक व्यवहार में उपयोग किये जाने हेतु एवं उचित आहार-विहार औषधि प्रयोग करने की अपील की गई। गर्भ संस्कार विधि एवं उससे होने वाले फायदों के विषयों के बारे में जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं की समस्त जांच कर गर्भ स्थापक औषधियों का प्रयोग एवं उसके उपयोग तथा गर्भ संवाद की जानकारी व संगीत श्रवण करवाया गया। आयुर्वेद द्वारा गर्भ स्थापक औषधि सिद्ध जल और मधुर द्रव्ययुक्त आहार का वितरण भी गर्भिणीयों के लिए किया गया। गर्भ स्थापक औषधि धारण करवाते हुए ध्यान करवाया गया। तत्सम्बन्धी ब्रॉशर पाम्पलेट का वितरण भी किया गया। डॉ. भारती यादव, योग चिकित्सक, आयुष योगा एवं वेलनेस सेन्टर, राजनांदगांव द्वारा संयुक्त रूप से गर्भिणी माताओं को मासानुमासिक योग एवं प्राणायाम एवं मन्त्र उच्चारण करवाया गया तथा प्रतिदिन घर में भी मासानुमासिक निर्दीष्ट सिखाये गए योगाभ्यास एवं आहार क्रम का अभ्यास करने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम में श्रीमती छाया प्यासी, सतीश राम सभी फार्मासिस्ट आयुर्वेद, दीपक चंद निखारे एवं हर्षराज सिन्हा सभी औषधालय सेवक व जीत कुमार खरे, अंशकालीक स्वच्छक उक्त सभी का सहयोग प्राप्त हुआ।





# राजनांदगांव आश्रम में पादुका पूजन कर मनाया गुरुपूर्णिमा पर्व

राजनांदगांव (दावा)। गुरुपूर्णिमा अर्थात व्यास पूर्णिमा शिष्यों के लिए अपने गुरु के प्रति आदर, पूजन व पावन स्मृति तथा कृतज्ञता प्रकट करने का दिन होता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बड़ा माना गया है क्योंकि गुरु ही संसार के भवसागर से पार कराने वाले होते है।

पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के साधको ने इस दिन को खास बनाने के लिए भारी संख्या में मोहारा स्थित संत श्री आशाराम आश्रम पहुंचे जहां गुरुपूर्णिमा के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। सुबह से आश्रम में भक्तो का तांता लगा रहा। सभी ने अपने गुरु का पूजन, पादुका पूजन व मानस पूजन के साथ गुरु का ध्यान किया। ध्यान कि गहराई में गोता लगाते साधक भाव विभोर हो गए तथा नयन से बहती अश्रुधारा से अपने गुरुदेव का पूजन किया। गुरुवंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। दूर-दूर से आये भक्तों ने गुरु-पादुका पूजन, मानस गुरु-पूजन एवं प्रार्थना की और अपने गुरुदेव के शीघ्र दर्शनप्राप्ति हेतु जप-संकल्प किया तथा कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। सत्संग पंडाल सहित पूरा आश्रम भक्तों की भीड़ से भरा रहा। इतना कुप्रचार होने के बावजूद बापू के भक्तो में कोई कमी नहीं आई बल्कि उनको मानने वालो की संख्या में दिनों दिन वृद्धि हो रही है । कार्यक्रम में अपने गुरुदेव को मन-ही-मन याद करते हुए भक्त भाव-विभोर होते नजर आये।



### संयम, सहजता, शांति और माधुर्य देने वाली गुरुपूर्णिमा

संत श्री आशारामजी बापू प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टी.के.चंद्राकर ने बताया कि पूज्य बापूजी ने अपने भक्तो को गुरुपूर्णिमा पर यही सन्देश देते रहे है की 'लघु जीवन से ऊपर उठो। खाना-पीना, सुखी-दुखी होना यह तो कुत्ता भी जानता है। दुःख आये तो दुःखहारी हरी की शरण जाओ दुखी व्यक्ति का दुःख तब तक जिंदा रहता है जब तक वह संसार के सुख से दुःख को दबाना चाहता है अथवा छल-कपट करके सुखी होना चाहता है। जब दुःखहारी भगवान की शरण जाए, ब्रम्हेता संत की आज्ञा के अनुसार सत्संग सुने, सच्चाई से व्यव्हार करे तो उसका दुःख सदा के लिए मिट जाता है।' पूज्य बापूजी के इन्ही वचनों को शिरोधार्य करते हुए उनके भक्तजन मानव समाज के कल्याण हेतु अनेको सेवा कार्यों में लगे है। श्रद्धालुओं को प्रत्येक वर्ष गुरुपूर्णिमा के अवसर पर बापूजी द्वारा सेवा-साधना का नया पाठ मिलता है, लगातार 11 वर्षों से बापूजी के प्रत्यक्ष दर्शन व सत्संग का सान्निध्य नहीं मिलने से श्रद्धालु व्यथित थे।

उन्होंने सरकार व न्यायपालिका से अपील की है कि निर्दोष बापूजी को जल्द-से-जल्द रिहा कर करोड़ों व्यथित हृदयों को सांत्वना प्रदान करें। श्रद्धालुओं ने बापू द्वारा चलाये सेवाकार्य जैसे बाल संस्कार, लोक कल्याण सेतु, तेजस्विनी अभियान, ऋषिप्रसाद, महिला मंडल तथा युवा सेवा संघ की सेवाकार्य में निरंतर लगने के साथ बापूजी द्वारा सिखाये गये परोपकार, संयम, सदाचार, कर्तव्यपालन, संस्कृतिरक्षा, गौ-सेवा, समाज-सेवा के आदर्शों पर और आगे बढ़ने का संकल्प लिया। देश-विदेश में फैले बापू के भक्तों ने गुरुपूर्णिमा के निमित्त सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपने सदगुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। गुरुपूर्णिमा महोत्सव में डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, चौकी, मोहला, खैरागढ़, गंडई के समिति के सेवाधारी भाई-बहन तथा जिलें के साधकों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ मना गुरु पूर्णिमा का आध्यात्मिक पर्व



राम निवास सारड़ा कैंपस में बच्चों की दिखी गुरु भक्ति

राजनांदगांव (दावा)। गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और आस्था का आध्यात्मिक पर्व आज अंबागढ़ चौकी इंग्लिश मीडियम स्कूल, राम निवास सारडा कैंपस में पूरी उमंग के साथ मनाया गया।

अपने समय के पहले ऐसे आयोजन को देख बच्चे फूले नहीं समा रहे थे । गुलाब के फूलों के साथ फूलों की तरह कोमल बच्चे यहां - वहां उछलते - कूदते खुशियां बिखेर रहे थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार 22 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। अंबागढ़ चौकी में नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा शुरू किए गए अंग्रेजी माध्यम स्कूल, चिल्हाटी रोड में सुबह प्रार्थना के उपरांत नन्हें - नन्हें बच्चों ने अपने शिक्षकों को तिलक लगाकर गुलाब प्रदान किए। बच्चों के सुकोमल हाथों से फूलों का उपहार पाकर शिक्षकों ने उनके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। शाला प्राचार्य डॉ.एस.के. मिश्रा सहित शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ का बच्चों ने सम्मान कर भारतीय संस्कृति का परिचय दिया।

# फेडरेशन ने कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रस्ताव पुनः राज्य शासन को दिया

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारियों एवं उनके परिवार के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना को लागू करने संबंधी प्रस्तावित योजना को पुनः मुख्यमंत्री एवं मुख्यसचिव को स्मरण-पत्र दिया है। गौरतलब है कि फेडरेशन विगत 5 वर्षों से राज्य शासन से पत्राचार कर रहा है।



**कर्मचारी एवं परिवार की सुरक्षा के दृष्टिगत योजना लागू हो**

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू ने बताया कि आकस्मिक दुर्घटना अथवा गंभीर बीमारी के स्थिति में तत्काल इलाज की जरूरत होती है। शासकीय सेवक के साथ हादसा-दुर्घटना होने की स्थिति में परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। परिवार को संपत्ति गिरवी रखकर अथवा कर्ज लेकर इलाज कराने बाध्य हो जाता है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी एवं परिवार के दुःख-दर्द को समझते हुये छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा (प्रांताध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ) एवं राजेश चटर्जी सचिव (प्रांताध्यक्ष प्रदेश शिक्षक फेडरेशन) ने अधिकारी-कर्मचारियों तथा उनके परिवार के लिए कैशलेस योजना को मुख्यमंत्री संजीवनी योजना के नाम से प्रस्तावित किया है, जो कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा कर्मचारी हित में बहुत बड़ा कल्याणकारी योजना होगा। उन्होंने बताया कि योजना को लागू करने से राज्य शासन पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा, लेकिन फर्जी मेडिकल देयकों के भुगतान एवं भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगा। उपचार नियमों में बाधाओं का सरलीकरण होगा। साथ ही, आर्थिक बचत भी होगा। उन्होंने बताया कि इलाज हेतु रेफर करने की जटिल प्रक्रिया तथा मेडिकल देयकों के कार्योत्तर स्वीकृति में भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगा। यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार का अपने कर्मचारी-अधिकारियों के लिए संवेदनशील होने का परिचायक होगा। प्रस्तावित कैशलेस योजना में छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का राज्य के भीतर एवं बाहर मान्यता-अधिकृत चिकित्सालय में इलाज होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार, प्रत्येक शासकीय सेवक के कार्मिक संपदा के अनुसार संजीवनी कार्ड जारी करेगा। जिसमें कर्मचारी-अधिकारी एवं परिवार का पूर्ण विवरण रहेगा। गंभीर बीमारी अथवा दुर्घटना की स्थिति में राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में बिना अग्रिम राशि जमा किये इलाज प्रारंभ हो जायेगा। जिसका प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन भुगतान द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इलाज की पुष्टि थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा संभव है।

उन्होंने बताया कि राज्य शासन को अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाने एवं सुपर स्पेशियलिटी/मुख्य चिकित्सालयों में इलाज हेतु छत्तीसगढ़ चिकित्सा नियमों में परिवर्तन कर विभागीय अनुमति एवं रेफेर की प्रक्रिया को समाप्त करना होगा, जिसकी प्रक्रिया अत्यधिक जटिल है। उन्होंने बताया कि 8 जून 1973 भाग 4 (ग) पृष्ठ 279 से 533 तक मध्यप्रदेश राज्य पत्र में वर्णित चिकित्सा सुविधा नियम में परिवर्तन करना होगा, इससे राज्य शासन का अपने कर्मचारी-अधिकारी के प्रति संवेदनशीलता परिलक्षित होगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी-अधिकारी को मुख्यमंत्री संजीवनी कार्ड जिला कलेक्टर के हस्ताक्षर से जारी होगा, जो कि उक्त कर्मचारी का पहचान पत्र भी होगा। चिकित्सालयों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेस चिकित्सा परिचर्चा नियम 1958 अथवा पश्चात के नियम के अंतर्गत निर्धारित प्रतिपूर्ति व्यय सीमा अनुसार ही राज्य शासन भुगतान करेगा। जितना कि मेडिकल बिल पारित होता है। शासकीय कर्मचारी, अधिकारी को विपत्ति के समय आर्थिक संकट से उबारने के दृष्टिगत इस योजना को कर्मचारी हित में लागू किया जाना चाहिये।

# कलेक्टर ने यातायात प्रभारी को किया सम्मानित



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्षा में जिले में सुगम, व्यवस्थित यातायात के लिए यातायात प्रभारी शेषनारायण देवांगन को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि श्री देवांगन ने यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय कार्य किया है। जिसके चलते बाधारहित आवागमन की सुविधा सुनिश्चित हो सका है।

# गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती



**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द मे गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालकगण तथा सेवानिवृत शिक्षकगण को आमंत्रित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वाणी सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात गुरु की महिमा गायी गई। अतिथियों द्वारा प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था, गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला गया और भारतीय संस्कृति का महत्व बताया गया।**

साथ ही साथ बच्चों को अपनी प्रथम गुरु माँ, अपने पिता, परिजनों व शिक्षकों व समस्त श्रेष्ठ जनों का सम्मान करने हेतु उद्बोधित किया गया। शाला परिवार द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षाविद का श्रीफल व कलम भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षा सप्ताह की प्रथम दिवस की योजना अनुरूप शाला में टी.एल.एम.प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें अतिथियों की उपस्थिति में बच्चों ने विभिन्न विषयों की कई अवधारणा को जाना और समझा। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक परसराम चंद्राकर, धनुष लाल चंद्राकार, वरिष्ठ नागरिक लालाराम वैष्णव, संस्था प्रमुख एस.के.सेवता, विभा सिंहमारे, पुष्पलता देवांगन, ज्योति वैष्णव, हेमपुष्पा विश्वकर्मा, सुनीता साहू, पुष्पा साहू, ललिता साहू, केवरो यादव, हेमलता यादव, सुनीता साहू, सुभया निषाद, फुलेश्वरी निषाद उपस्थित थे।

# श्रुति गुप्ता का किया गया सम्मान

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12 वी बोर्ड परीक्षा में जिले के टॉप टेन में आने पर कु.श्रुति गुप्ता पिता श्रवण गुप्ता को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर किया सम्मानित।

# बाबा ताजुद्दीन औलिया के यादगार उर्स के मौके पर रजा नगर डोंगरगढ़ में विभिन्न प्रोग्राम

डोंगरगढ़ (दावा)। सूफी ख्वाजा शैख फौजी रियाजुद्दीन नूरे कुतुबे आलम वेलफेयर ट्रस्ट मुख्यालय रजा नगर डोंगरगढ़ द्वारा हर साल की तरह बाबा ताजुददीन औलिया के यादगार उर्स के मौके पर रजा नगर डोंगरगढ़ में विभिन्न प्रोग्राम आयोजित किए गये है। 1 अगस्त को इजतेमाई खतना सुबह 9 बजे से, 2 अगस्त दोपहर 2.30 बजे से और 03 अगस्त को सुबह 11 बजे से कुरआन सुनाओ नमाज़ पढ़ो कॉम्पीटीशन होगा। इस कॉम्पीटीशन में 6 कैटेगरी होगी। इसमें सूरए अलमतरा से नास, सूर, फातेहा की तिलावत और तरजुमा पर कॉम्पीटीशन होगा।

आयतल कुरसी खालेवून तक की तिलावत और तरजुमा पर बोनस अंक दिए जाएंगे। जजेस और अध्यक्ष का फैसला आखरी होगा। 25 जुलाई आवेदन जमा करने की आखरी तारीख होगी। इसके बाद आवेदन जमा नहीं किए जाएंगे। आवेदन लेते वक्त आधार कार्ड लाना जरूरी होगा ताकि बच्चे की उम्र के हिसाब से आवेदन पत्र दिए जाएंगे।सभी बच्चे हर कैटेगरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। पूरे छत्तीसगढ़ में बच्चों के लिए कुरआन सुनाओ नमाज पढ़ो कॉम्पीटीशन अनूठा है, ट्रस्ट द्वारा इसे पिछले 5 साल से आयोजित किया जा रहा है।

# कोशा के जन्मदिन पर पौधरोपण सहित हुए विविध कार्यक्रम

राजनांदगांव(दावा)। अंचल के शब्द प्रतिष्ठ कवि/साहित्यकार एवं लोक संगीतकार आत्माराम कोशा अमात्य ने अपने जन्मदिन पर पत्रकार कालोनी में अपनी मां के नाम पर पौधरोपण किया। श्री कोशा ने अपने 68 वे जन्मदिन की खुशी जहां अपने ईष्ट-मित्र व कवि/साहित्यकार के साथ मिलकर मनाई वहीं अरब देश के मक्का-मदिने से हज कर वापिस लौटे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी एच बी गाजी दम्पत्ति से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें विषम परिस्थितियों में हज यात्रा से सकुशल लौटकर आने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



बता दें कि श्री कोशा जी के 68 वें जन्मदिवस पर बसंतपुर समीप स्थित पत्रकार कालोनी में मोदी जी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम पर नीम, अमरूद, आंवला गूड़हल आदि के हवादार छायादार व फलदार पौधों के रोपण किया गया। समय श्री कोशा सहित अधिवक्ता एवं समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी प्रो ओंकारलाल श्रीवास्तव, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, व्यंग सर्जक कवि गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय' कवि यूनस कुरैशी 'अजनबी' पवन यादव 'पहुना' रोशन साहू मोखला, आनंदराम सार्वा गायत्री शक्तिपीठ के ओमप्रकाश साहू, ब्रह्मानन्द सहित अन्य प्रकृति प्रेमी जन उपस्थित थे। श्री कृष्ण ने हाजी गाजी साहब से सौजन्य भेंट के दौरान श्री गाजी सहित उनकी धर्मपत्नी सबिहा गाजी को गुलदस्ता भेंट कर उनके सकुशल यात्रा वृत्तांत सहित कुशल क्षेम जानी इस अवसर पर नासिर भाई, कमल गांधी, छगनभाई आदि सहित अन्य शुभचिंतक जन उपस्थित थे।

श्री कोशा के जन्मदिन अवसर पर उपस्थित उपरोक्त कवि/साहित्यकारों ने उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए उनका शाल श्रीफल व मंत्र लिखित दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इसी तरह गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री कोशा का सम्मान शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या, बृजकिशोर सुरजन जयंती भाई पटेल आदि द्वारा शाल ओढ़ाकर तथा श्रीफल देकर किया गया।

इस अवसर पर श्री कोशा की धर्मपत्नी श्रीमती अंजनी कोशा, वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर साहू के केन्द्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों की उपस्थिति रहीं।

# नकली खोवे मिलावटी चीजों से तैयार खाद्य सामग्रियों की जांच जरुरी

## त्यौहारों की श्रृंखला शुरु, बाजार में मिठाईयों की जमकर होगी बिक्री, प्रशासन की सतकर्ता जरुरी

राजनांदगांव (दावा)। गुरू पूर्णिमा पर्व मनाने के बाद अभी चार महिने तक लगातार पर्व/त्यौहारों की श्रृंखला बनी रहेगी। अगले माह हरेली त्यौहार से लेकर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, नाग पंचमी, रक्षाबंधन, पोला त्यौहार, तीजा, गणेश चतुर्थी, हलषष्ठी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आगे तक त्यौहारों की लम्बी श्रृंखला बनी हुई है। इन पर्व त्यौहारों में शहर के होटल, रेस्टारेंट, मिठाई दुकानों में मिठाईयों की जमकर खरीदारी की जाती है।

चूंकि पर्व-त्यौहार होने की वजह से मिठाईयों की मांग और भी अधिक बढ़ जाती है जिससे मांग की पूर्ति के लिए लोग नकली खोवा या अशुद्ध खाद्य पदार्थ का धड़ल्ले से इस्तेमाल करने लग जाते है। जिसका सेवन कर लोग अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ कर बैठते है। इन मिलावटी चीजों के सेवन से लोग बीमार हो जाते है, जिसका इलाज में ही हजारों रूपए खर्च कर देने पड़ते है।

### प्रशासन की सतर्कता आवश्यक

पर्व-त्योहार के दिनों ग्राहकों की भीड़ के चलते ऐसे खाद्य पदार्थ धडल्ले से खप भी जाते है। इससे इस कारोबार से जुड़े व्यवसायियों की अच्छी कमाई हो जाती है लेकिन इन खाद्य पदार्थों के निर्माण में नकली चीजों के इस्तेमाल से खरीदारों को पेट संबंधी शिकायत व अन्य रोगों का शिकार होना पड़ता है। अतः समय पहले ही स्थानीय प्रशासन को सचेत हो जाना आवश्यक है।

साथ ही संबंधित विभाग को अभी से ही खाद्य पदार्थों में नकली चीजों के इस्तेमाल के खिलाफ अभियान छेड़ देनी चाहिए। वैसे भी बारिश के दिनों में बाहरी चीजों के खान-पान से मौसमी रोग उभरते है। खुले में रखे खाद्य पदार्थ जिसमें मक्खियां भीन भिनाते रहती है। जिसका सेवन कर ग्राहक बीमारियों का शिकार बनता है। इसलिए प्रशासन को इन खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के दुकानों में छापामार कार्रवाई किया जाना आवश्यक हो गया है। ताकि बासी चीजें व बार-बार उसी तेल में तल कर बनाए गए खाद्य पदार्थ व नकली खोवे सहित अशुद्ध चीजों से निर्मित खाद्य पदार्थों की जांच की जा सके।

### सेम्पल का खेल : महिनों बाद भी नहीं आती रिपोर्ट

त्यौहारों का सीजन सामने आते ही खाद्य विभाग केवल दिखावे के लिए ही अति सक्रिय हो जाता है। शहर सहित जिले के कुछ नामी-गिरामी दुकानों के खाद्य पदार्थों का सेम्पल लेकर लैब जांच के लिए रायपुर भेज दी जाती है। इसकी जांच रिपोर्ट में ही कई दिन लग जाते है। तब तक पूरा मामला बासी पड़ जाता है और लोग इसे भूल भी जाते है। कई दिनों बाद लैब से रिपोर्ट आने के पश्चात इसका हश्र कुछ दिखाई ही नहीं देता। वैसे भी खाद्य विभाग द्वारा शहर सहित जिले भर के संबंधित खाद्य चीजों के दुकानों में की गई जांच व लिए गए सेम्पल के संबंध में क्या कार्रवाई हुई यह आज तक जानने नहीं मिला। सब आया गया और निपट गया के खेल में सिमट गया।

### राजधानी में कई सेंपल फेल हुए

बता दे कि जुलाई माह राजधानी रायपुर व आसपास के जिलों से उठाए गए फूड सप्लीमेंट के पचास फीसदी सेम्पल जांच में फेल हो गए है। सैम्पलों को जिला स्तर पर जांच के लिए अलग-अलग राज्यों में भेजा गया था। जिसमें वे सभी मिस ब्रांड पाए गए। अब सम्बंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर सम्बंधित प्रोडक्ट खरीदी का ब्यौरा मांगा जा रहा है। बता दे कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पहली बार बच्चों से लेकर बड़ों तक के शरीर पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए बिकने वाले सप्लीमेंट फूड को जांच के दायरे में लाया था। इसके लिए राजधानी रायपुर समेत पांच जिले के दवा दुकानों में बेचे जाने वाले बेबीफूड न्यूरास्यूटिकल, मल्टी विटामिन प्रोटिन पावडर जैसे उत्पादों के करीब बीस सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए हैदराबाद, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के लैब में भेजा गया था जिसके प्रारंभिक रिपोर्ट में दस फूड सम्लीमेंट में मिस ब्रांड अथवा लेबल डिफेक्ट पाया गया।

बहरहाल देखा जाए तो पर्व त्यौहारों के दिनों में अधिकतम रूप से बिकने वाली मिठाईया ही या अन्य खाद्य पदार्थ अथवा दवाई दुकानों में बिकने वाले फूड सप्लीमेंट ज्यादातर लेबर लेबल डिफेक्ट व मिस ब्रांड होने सहित मिलावटी चीजों के इस्तेमाल की बात सामने आती है। इसलिए स्थानीय प्रशासन को सचेत होना आवश्यक हो गया है वही खाद्य व औषधि विभाग की सक्रियता भी जरूरी समझी जा रही है ताकि लोग मिलावटी चीजों से बने खाद्य पदार्थ व फूड सप्लीमेंट का सेवन कर अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ न कर सके।

# विधानसभा में भड़के स्पीकर डॉ. रमन सिंह : पूर्व विधायक के निधन की जानकारी देर से मिली; कहा ये स्थिति है प्रदेश की, सरकार करें कार्रवाई

## पूर्व विधायक विजय सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



रायपुर। विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व विधायक विजय सिंह के निधन की सूचना देते हुए श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि, विजय सिंह का निधन 17 जुलाई को हुआ था और सदन की बैठक 22 जुलाई से शुरू हुई है।

22 जुलाई को जब दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, उस वक्त विजय सिंह के नाम का उल्लेख नहीं हुआ था। इस पर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने आपत्ति की। निधन की सूचना नहीं दिए जाने पर चंद्राकर ने एतराज करते इसे गंभीर प्रशासनिक त्रुटि बताया, साथ ही स्पीकर से इसका संज्ञान लेने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास ने भी जिला प्रशासन की तरफ से सदन को समय पर सूचना नहीं दिए जाने की बात कहते हुए एतराज जताया। तब स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने संसदों और विधायकों के निधन की सूचना समय पर विधानसभा सचिवालय को भेजा जाना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

### 1980 और 1985 में मनेंद्रगढ़ से विधायक रहे विजय सिंह

उल्लेखनीय है कि, विजय सिंह मनेंद्रगढ़ सीट से 1980-1985 में विधायक रहे। वहीं शुक्रवार को सदन में एमपी बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा को भी श्रद्धांजलि दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने पूर्व विधायक विजय सिंह के निधन का उल्लेख किया।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, 1980 और 1985 में स्व. विजय सिंह ने मेरे साथ काम किया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, विजय सिंह समाज के बहुत ही नीचे पायदान से चलकर विधानसभा तक पहुंचे। पहले पंच बने, फिर सरपंच और उसके बाद जनपद पंचायत के अध्यक्ष रहे। उन्होंने गांव, गरीब और किसानों के हित में काम किया है।

### चंद्राकर, नेताम और जायसवाल ने भी दी श्रद्धांजलि

वहीं वरिष्ठ भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने स्व. विजय सिंह के साथ एमपी बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद प्रभात झा के निधन का उल्लेख किया। मंत्री राम विचार नेताम और श्याम बिहारी जायसवाल ने भी श्रद्धांजलि दी। दिवंगतों को श्रद्धांजलि के बाद सदन में दो मिनट का मौन रखा गया।

# निगम प्रशासन द्वारा कावड़ियों को सुविधा एवं व्यवस्था उपलब्ध कराये



राजनांदगांव (दावा)। शहर विकास मंच के अध्यक्ष राकेश ठाकुर अधिवक्ता एवं सचिव जयनारायण सिंह द्वारा आयुक्त निगम प्रशासन राजनांदगाँव को ज्ञापन सौपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि, वर्तमान समय में सावन का पवित्र महीना चल रहा है।

इस पवित्र महीने में शिव भक्त (कावडिओं) द्वारा शहर सीमा मे स्थित ऐतिहासिक पवित्र शिवनाथ नदी से जल लेकर कावड़ यात्रा नदी से प्रारंभ होते हुए शहर में प्रवेश करते है। निगम प्रशासन द्वारा नवरात्रि के पर्व पर पदयात्रियों की सेवा हेतु स्टॉल लगाया जाता है। कावड़ियों के लिए भी निगम प्रशासन द्वारा नदी पर स्टॉल लगाकर कावड़ियों के सुविधा एवं व्यवस्था के लिए पवित्रता को ध्यान में रखते हुए शुद्ध पेयजल एवं अन्य प्रसादी उपलब्ध कराये साथ ही शहर में भी जैसे नंदई चौक एवं अन्य कावड़ियों के लिए निर्धारित मार्ग मे व्यवस्था एवं सुविधा एवं विशेषकर प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मंच द्वारा ज्ञापन प्रेषित है। श्री ठाकुर ने बताया कि, सावन की इस प्रथम सोमवार मे कावड़ियों की एवं शिवभक्त जनों की अत्याधिक भीड़ होने के कारण एन.डी.आर.एफ. सुरक्षा के लिए तथा पुलिस बल नितान्त आवश्यकता महसूस की गई है। कृपया इस संबंध मे अग्र कार्यवाही अपेक्षित है।

# बारिश के दिनों में शार्ट सर्किट, विद्युत विभाग की लापरवाही

राजनांदगांव (दावा)। विद्युत विभाग का इन दिनों दिन में दसियों बार विद्युत गुल किए जाने का कारनामे देखने में आता ही है। अब बारिश के दिनों में भी शार्ट सर्किट होने का कमाल भी देखने को मिल रहा। शुक्रवार को दोपहर के समय इधर बारिश हो रही थी और गुड़ाखू लाइन का बिजली के खंबे शार्ट सर्किट होने से धूं-धूंकर जलता रहा।

गनीमत है कि बारिश होते रहने की वजह से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। नहीं तो आम दिन होने पर बिजली खंभे के धूं-धूंकर जलने से इस रोड से आवागमन करने वाले इसकी चपेट में आ सकते थे जिससे गंभीर हादसा हो सकता था। वैसे बता दें कि कामठी लाईन में स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक होने की वजह से इस रोड में ज्यादातर लोगों का आवागमन बना रहता है। कामठी लाईन में आम तौर पर भीड़ बनी रहती है। गनीमत है कि बारिश का समय होने से किसी तरह का हादसा होने से बच गया।

बता दें कि चार-पांच दिन पहले भारत माता चौक के समीप एक ज्वेलरी शाप में ऐसे ही शार्ट सर्किट होने से दुकान के सामने लगे विद्युत मीटर में आग पकड़ लिया और वह धूं-धूंकर जलने लगा। आसपास के लोगों ने दौड़ कर उसे बुझाया। अपने दुकान के विद्युत मीटर में बारिश के दिनों में अचानक लगी आग से ज्वेलरी शाप वाला सर्राफा व्यापारी आश्चर्य चकित हो गया और उन्हें विद्युत मीटर में लगे आग को बुझाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान लोगों की वहां भीड़ लग गई और वाहनों का जमावड़ा होने से वहां पर जाम लग गया।

लोगों का कहना है कि एक बार गर्मी के दिनों में ज्यादा लोड होने की वजह से शार्ट सर्किट होना समझ में आता है लेकिन बारिश के दिनों में शार्ट सर्किट होना पल्ले नहीं पड़ रहा। लोगों का कहना है कि यह कमाल विद्युत विभाग ही कर सकता है। बहरहाल कामठी लाईन के खंभे में शार्ट सर्किट होने से लगी आग के चलते उक्त क्षेत्र में काफी समय तक विद्युत अवरोध बना रहा। इससे दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ। विद्युत विभाग को सूचना मिलने पर आकर शार्ट सर्किट वाले विद्युत खंभे को ठीक किया गया। इसके बाद बिजली गुल का सामना कर रहे लोगों को थोड़ी राहत मिल पाई।

# कांग्रेस नेता पर 4.76 करोड़ का जुर्माना : एफआईआर भी होगी

## चवेली में चूना पत्थर का अवैध उत्खनन पर हुई कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। जिले के चवेली में चूना पत्थर का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। कांग्रेस नेता और खदान के संचालक मनिंदर सिंह गरचा पर 4 करोड़ 76 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अपर कलेक्टर न्यायालय ने यह आदेश जारी किया है। साथ ही स्नद्धक्रदर्ज करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक बिना लीज लिए खदान में उत्खनन किया जा रहा था। मामले की शिकायत सीएम विष्णुदेव साय से की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि कांग्रेस जिला महामंत्री मनिंदर सिंह गरचा बगैर लीज के चूना पत्थर खदान का संचालन कर रहा है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई थी।

### बिना अनुमति खदान में बारुद से ब्लास्टिंग

बगैर अनुमति के बारुद से ब्लास्टिंग की जा रही है। अवैध खनन की शिकायत पर्यावरण विभाग से भी की गई। माइनिंग-पर्यावरण विभाग ने इसकी जांच की। अलग-अलग विभागों ने जांच रिपोर्ट तैयार की। जांच के बाद खदान में अवैध खनन की पुष्टि हुई है।

### माइनिंग विभाग ने रिपोर्ट तैयार की

अवैध खनन के रकबे और गहराई की जांच के बाद माइनिंग विभाग ने रिपोर्ट तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिसके बाद न्यायालय ने खदान संचालित करने वाले कांग्रेसी नेता मनिंदर सिंह गरचा पर 4 करोड़ 46 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बता दें कि मनिंदर सिंह गरचा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी दिखाई दिए थे।

# अग्रवाल समाज के नये पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाला







राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शरद अग्रवाल (भारती प्रेस) के नेतृत्व में उनकी नई टीम ने कार्यभार संभाल लिया है। विगत दिवस आहूत कार्यकारिणी की पहली बैठक में इसकी घोषणा की गई। उल्लेखनीय है कि शरद अग्रवाल कुछ वर्ष पहले भी अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रह चुके है। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि समाज के बंधुओं ने जिस स्नेह और विश्वास के साथ दोबारा उन्हें अध्यक्ष का दायित्व सौंपा हैं। वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगें।

निवृत्तमान अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने नई टीम को बधाई देते हुये कहा कि चुनाव के पश्चात अब कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है तथा सभी मिलजुलकर समाज की उन्नति के लिये कार्य करेंगे।

यह जानकारी देते हुये प्रचार प्रसार प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल सभा के नवीन पदाधिकारी निम्ननानुसार है - उपाध्यक्ष पद पर शरद अग्रवाल (शरद पोहा), राजेश जिंदल, राजेश खोखरिया, शिव अग्रवाल, बिसन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष - अशोक अग्रवाल, सहकोषाध्यक्ष- भावेश अग्रवाल, सचिव-आलोक बिंदल, सहसचिव परमानंद गोयल, अंकुर अग्रवाल, भवन व्यवस्थापक - लोकेश अग्रवाल, अतिथि गृह प्रभारी- प्रतीक अग्रवाल, भवन निर्माण प्रभारी में समीर पोददार, अशोक सिंघल, रमणीक अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, विधि सलाहकार में रामावतार अग्रवाल तथा उद्यान प्रभारी सुरेश अग्रवाल इसी प्रकार विभिन्न प्रभारी तथा कार्यकारिणी सदस्य शामिल किये गये। सुचारू ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिये चुनाव अधिकारी उमाकांत भारद्वाज तथा उनका सहयोग करने वाले अग्र बंधुओं का भी सम्मान किया गया।

# पीएम मोदी का बजट जनता के हित में - लीलाधर साहू



राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण मंडल के वरिष्ठ नेता लीलाधर साहू ने केंद्रीय बजट को बेहतरीन एवं जनता के हित का बजट माना है, उन्होंने कहा कि बजट से बाजार गुलजार होगा जिसका अंतोतगत्वा लाभ, समाज एवं व्यापार को होगा। बजट मे युवाओं को अगले 5 साल में 4 करोड़ रोजगार मुहैया कराने 2 लाख करोड़ का प्रावधान करना उनकी आशाओं पर पंख लगाना जैसे है, महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान महतारियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि के द्वार खोलने वाला होगा। जबकि 11 लाख करोड़ से आधारभूत संरचनाओं का निर्माण एवं लगभग 3 लाख करोड़ रुपये गांव के विकास के लिए देना भारत की तस्वीर बदलने वाला होगा। सब्जी उगाने के लिए क्लस्टर बनाए जायेंगे, 109 फसलों पर सरकार का फोकस, खेती में एफपीओ और स्टार्ट अप को बढ़ावा दिया जाएगा। 11 हजार पांच सौ करोड़ रु सिंचाई योजनाओं के लिए बजट में अमृत की गए हैं जिसके कारण किसने की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## जन्माष्टमी मनाने यादव समाज की कल बैठक

राजनांदगांव (दावा)। नगर कोशरिया यादव समाज राजनांदगांव की आगामी बैठक कल 28 जुलाई दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से स्टेट स्कूल मैदान स्थित सांस्कृतिक मंच पर आयोजित है। समस्त स्वजातीय गण, कार्यकर्तागण, वार्ड प्रमुखों, नगर इकाई पदाधिकारी गणों, जन्माष्टमी समिति के सम्मानीय पदाधिकारी गणों आपकी उपस्थिति की अपील की गई है। समिति ने सामाजिक गणों से कहा है कि समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों और समस्त सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति से ही आयोजन की सफलता है। साथ ही वार्ड प्रमुख व गौटियागणों से निवेदन है कि अपने अपने पार के पांच सदस्यों को साथ में लायें। यहां सभी सामाजिक गणों को मोबाईल नंबर के साथ कैलेण्डर वितरण किया जायेगा।

# भाजयुमो द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 130 छात्रों ने लिया भाग



राजनांदगांव(दावा)। भारतीय जनता युवामोर्चा के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर हुए दो दिवसीय कार्यक्रम के आज समापन अवसर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए नगर के मध्य स्थित अग्रहरि भवन में दोपहर 12 बजे निबंध प्रतियोगिता में लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया साथ ही मंच के माध्यम से देश के प्रति विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार रखें।

इसी क्रम में देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीद के परिजनों व कर्मवीर भूतपूर्व सैनिकों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में रिटायर्ड कैप्टन आर.के. भारद्वाज, सब. मेजर राजेश शर्मा, हवलदार अशोक झा, हवलदार पुनीत कुमार साहू, नायब सूबेदार रोहित साहू, हवलदार गुमान दास साहू, हवलदार प्रवीण कुमार, हवलदार रोशन ब्यौहारे, हवलदार धनेश कुमार साहू, हवलदार दिलीप चंद्राकर, हवलदार अभिनाश दीवान, नायक नरेश कुमार, नायक लीलेश्वर देवांगन, नायक आर.के. ठाकुर, हवलदार गंगादास, हवलदार देवेंद्र देवांगन, हवलदार संतोष कुमार, उमेश गग्वेर शामिल थे।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठनेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष द. तरुण लहरवानी, पार्षद रानू जैन, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, आकाश त्रिपाठी (शिक्षक), लोकेश यदु (शिक्षक), श्रीमती मोनसी वर्गीस (शिक्षिका), दीपिका राजपूत (शिक्षिका) तथा पिन्टू वर्मा, अशोक वर्मा, चिंटू सोनकर, संयम शर्मा, उज्ज्वल कसेर, शिवम यादव, आशुतोष सिंह, अंकित गढ़ेवाल, प्रखर श्रीवास्तव, साकेत वैष्णव, कमलेश लहरे, आदित्य पराते, प्रवीण शुक्ला, अंशुल श्रीवास्तव, विकास साहू आशीष सिन्हा, कमलेश यादव, निक्कू ठाकुर, देवेंद्र यादव एवं भाजयुमो के अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजयुमो जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने दी।

# आज से शहर के वार्डो में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

## 10 अगस्त तक वार्डो में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्याओं का निराकरण के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में शिविर आयोजित करने अधिकारियों व कर्मचारियों दायित्व सौपा है। शिविर के नोडल अधिकारी उपायुक्त मोबिन अली एवं सहायक नोडल अधिकारी उप अभियंता दीपक महला रहेंगे। शिविर के समय में संशोधित करते हुये सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया जायेगा।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजन करने निर्देश दिये है, निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्डो के शिविर के लिये पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन कर कुछ वार्ड का स्थल परिवर्तित किया गया है, जिसमें 30 जुलाई मंगलवार को बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में वार्ड नं. 11,12,13, के लिये शिविर एवं 30 जुलाई को ही स्टेट हाई स्कूल में वार्ड नं. 14 व 15 के लिये शिविर आयोजित किये जायेगे।

इसी प्रकार 5 अगस्त सोमवार को पुत्रीशाला के स्थान पर गांधी सभागृह में वार्ड नं. 23,24,25 व 38 के लिये शिविर आयोजित किये जायेगे तथा वार्ड नं. 37 का शिविर पुत्रीशाला के स्थान पर 9 अगस्त को इंदिरा नगर पानी टंकी में आयोजित किया गया है, शेष वार्डो के शिविर की तिथि एंव स्थान यथावत रहेगे। समय में भी परिवर्तन करते हुये सुबह 10 बजे से 3 बजे के स्थान पर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे निर्धारित किया गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शिविर आयोजन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों का गठित दल सौपे गये दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। शिविर में स्थानीय नागरिक समस्याएँ यथा- नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, समाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु,विवाह प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, अनपत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे छोटे कार्य जिनका निराकरण किया जायेगा। साथ ही नल लीकेज, नलो मे पानी न आना, नालियों व गलियो की सफाई, कचरे की सफाई व परिवहन, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, टूटी फूटी नालियों की मरम्मत, सडकों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट मरम्मत आदि समस्याओं का भी निराकरण किया जायेगा।

शिविर में महापौर, अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदों, तथा जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त तिथि को वार्डो में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान करावे।

# स्थानांतरण प्रमाण पत्र के अभाव में सैकड़ों छात्र शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश से वंचित

राजनांदगांव (दावा)। जिले के समस्त शासकीय एवं गैर शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है जिसमें जिले एवं आसपास के अंचलों के छात्र-छात्राओं की भीड प्रवेश हेतु विभिन्न महाविद्यालयों में उमड़ रही है। इन छात्र-छात्राओं में बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी है जो वर्तमान में शासकीय या प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में एक या दो वर्षीय पाठ्क्रम पूरा कर परीक्षा की तैयारी में जुटे है इनकी परीक्षा अगस्त के प्रथम सप्ताह में होना संभावित है परन्तु जब ये छात्र स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया से गुजरते है तब उनके पास स्थानांतरण प्रमाण पत्र न होने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। जिससे उक्त छात्र-छात्राओं के मध्य रोष व्याप्त हो रहा है।

विदित हो कि एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त विभिन्न शासकीय व प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र का शैक्षणिक सत्र अन्य शासकीय महाविद्यालय से अलग होने के कारण प्रतिवर्ष इनकी परीक्षायें अगस्त माह में आयोजित की जाती है जिसका परीक्षा परिणाम सितम्बर माह तक घोषित होता है। उसके बाद ही आई.टी. आई से उन्हें स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिया जाता है तब तक अन्य शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया समाप्त हो जाती है जिस कारण सैकड़ों मेधावी छात्र अपने आगे की पढ़ाई जारी रखने से वंचित रह जाते है। तथा उनका एक वर्ष व्यर्थ ही चला जाता है कई छात्र तो आगे की पढ़ाई छोड़कर किसी अन्य व्यवसाय आदि में संलग्न हो जाते है।

ज्ञातव्य हो कि विगत कुछ वर्षों से शासकीय व प्राईवेट डिग्री कालेज में भी बहुत सी सीटे रिक्त रह जाती है जिसका एक कारण यह भी है कि छात्र प्रवेश की औपचारिकताओं को पूरा न कर पाने के कारण चाहकर भी अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। यह समस्या बहुत ही गंभीर है जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है नगर के प्रतिष्ठत औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र अशोका प्राईवेट आई.टी.आई के संचालक भूपेन्द्र चन्द्राकर ने शासकीय महाविद्यालय प्रशासन एवं उच्च शिक्षा विभाग से यह अपील की है कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुये शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश के समय स्थानांतरण प्रमाण पत्र जमा करने की बाध्यता समाप्त की जाये तथा इस हेतु विद्यार्थियों को उचित समय प्रदान किया जावें ताकि वे अपने आई. टी. आई. परीक्षा परिणाम आने के बाद अपने संस्थान से स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त कर संबंधित शासकीय महाविद्यालय में जमा कर अपने आगे की पढ़ाई जारी रख सके। श्री चंद्राकर ने बताया कि शासकीय एवं प्राईवेट आई.टी.आई. तथा स्नातक शासकीय महाविद्यालयों के परस्पर तालमेल से यह समस्या आसानी से सुलझ सकती है।

अतः प्रदेश सरकार इस विषय में तत्काल प्रभाव से निर्णय ले ताकि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो तथा शासकीय महाविद्यालयों में शत-प्रतिशत सीटों को भरा जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com